



।। सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना ।।

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

www.dailypioneer.com • रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 • पृष्ठ-12 • वर्ष-08, अंक-240 • मूल्य ₹3.00


## क्विक न्यूज़

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से देहरादून के दो दिवसीय दौरे पर



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को दो दिवसीय प्रवास पर देहरादून आएंगी। इस दौरान वह यहां दो अलग अलग स्थानों पर आयोजित दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि और पदक प्रदान करेंगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति मंगलवार अपराह्न चार बजे ऋषिकेश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करेंगी। वह यहां मेडिकल के 598 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगी।

### तानाशाह को बदलने से ही देश बचेगा : राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए उन्हें तानाशाह करार दिया और कहा कि बाबा साहेब का संविधान बदलने का प्रयास करने वालों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना ज़रूरी है। गांधी ने कहा, तानाशाह की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर कह रहा हूं - यह सिर्फसरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है।

### इंसुलिन देने को लेकर अदालत को ईडी कर रही गुमराह : आप



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन न मिले इसलिए जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय और तिहाड़ प्रशासन अदालत को गुमराह कर रही है। आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि केजरीवाल को इंसुलिन न मिले इसलिए ईडी और तिहाड़ प्रशासन अदालत को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ईडी और जेल प्रशासन ने अदालत में कहा कि उन्होंने केजरीवाल को एम्स के डॉक्टर को दिखाया जो सरासर झूठ है।

# पीएम मोदी के रात्रि विश्राम के मायने ?

## नागपुर के बाद अब रायपुर में गुजारेंगे रात्रि

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पायनियर खास



अपने 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार नागपुर में रात्रि विश्राम किए। दरअसल में मोदी का रात्रि विश्राम कई मायनों में चर्चा का विषय बना हुआ है। नागपुर में आरएसएस का मुख्यालय भी है, और भाजपा के लिए कहा जाता है कि दिल्ली, नागपुर से चलती है। खैर मोदी के सत्ता में आने के बाद आरएसएस का यह भ्रम टूट चुका है। अब चारों ओर सिर्फमोदी की गांरटी ही दिखाई देती है। इससे ऐसा लगता है कि सत्ता में आरएसएस की पकड़ कहीं न कहीं कमजोर हुई है। मोदी के रात्रि विश्राम को सियासत में आरएसएस से भी जोड़कर देखा जा रहा है। खैर सच क्या है? यह तो मोदी और आरएसएस ही जानेंगे। लेकिन इस बीच यह चर्चा छिड़ी हुई है कि मोदी ने नागपुर में रात्रि विश्राम तब किया जब देश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान सम्पन्न हो चुका है। ज्ञात हो इस चरण में खासकर भाजपा शासित राज्यों में मतदान के प्रतिशत में चिंतनीय गिरावट आई है। नागपुर में मोदी तब ठहरे जब नितिन गडकरी जैसे कद्दावर नेता का चुनाव मतदान सम्पन्न हो चुका था। सम्भवतः गड़करी भी जवाबी तौर पर मोदी की सभा में शामिल नहीं हुए। अब लोगों के जेहन में एक सवाल घूम रहा कि आखिर लोकसभा चुनाव के दौरान ऐसा क्या हुआ कि 10 साल के बाद मोदी को नागपुर में रात गुजारनी पड़ी? मोदी नागपुर में क्यों ठहरे? राजभवन में मोदी से रात में कौन- कौन मिले? यह तमाम सवाल आम जनता के जेहन में घूम रहा है। हालांकि मोदी के रात्रि विश्राम को लेकर अलग- अलग मत सामने आये हैं। कुछ लोगों का मानना है कि आरएसएस ने पार्टी से बढ़कर मोदी को प्रजेन्ट करने में आपत्ति जताई है। पहले विधानसभा चुनावों में मोदी की गारंटी, अब लोकसभा में भी सिर्फ मोदी की गारंटी चारों ओर दिख रही है, पार्टी हासिए में जाते दिखाई दे रही है। इसको लेकर संघ काफी चिंतित है। खैर सच क्या है? इसको लेकर अभी तक मत स्पष्ट नहीं हो सका है। अब मोदी नागपुर (महाराष्ट्र) से लगे हुए राज्य छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी रात गुजारेंगे। मोदी यहां राजभवन में रात्रि ठहरेंगे। कई लोगों का मानना है कि यह चुनावी रणनीति का हिस्सा है। लेकिन वास्तव में यदि चुनावी रणनीति का हिस्सा है, तो छत्तीसगढ़ में ही ठहरने की जरुरत क्यों पड़ गई? लोकसभा चुनाव की दृष्टि से 1999 से अब तक छत्तीसगढ़ में भाजपा का दबदबा बरकरार है। फिर पीएम मोदी अपना यह कीमती समय छत्तीसगढ़ में ठहरकर क्यों बिताना चाहते है? वो भी एक नहीं दो दिवसीय प्रवास और रात्रि यहां विश्राम। सवाल उठना तो लाज़मी है।

### पीएम बनने के पहले से भी.....

भाजपा द्वारा मोदी को पीएम चेहरा घोषित करने के बाद से अब तक वह किसी भी चुनावी दौरे में रात्रि विश्राम नहीं किए। पहले चोपर से मोदी गांधी नगर वापस लौट जाते थे। वहीं पीएम बनने के बाद वह दिल्ली लौटते रहे हैं। राजनीतिक दृष्टिकोण से महाराष्ट्र में दलों के मतभेद और विवादों के चलते मोदी का नागपुर में ठहरना कुछ हद तक चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा सकता है। वहीं संघ से राय मशवरा की भी बात से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन छत्तीसगढ़ में रात्रि ठहरना कई राजनीतिक सवालों को जन्म देता है।




# नक्सली आत्म समर्पण करे अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे : शाह

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com






कांग्रेस, नक्सलवाद और आतंकवाद पर जमकर बरसे कांकेर की आमसभा में देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह । उन्होने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते आत्म समर्पण करो या फिर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांकेर में आमसभा की शुरूआत क्षेत्र के देवी-देवताओं, बडादेव, बुढ़ादेव को प्रणाम करते हुए की। उन्होने जल, जंगल, जमीन के लिए शहीद होने वाले परलकोट के जमीदार शहीद गेंदसिंह सहित अन्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी शहीदों को भी प्रणाम किया। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हे जिगर का टुकड़ा कहा। शाह ने कहा कि 17 अप्रेल को देश ने वो भव्य दिन भी देखा जब 500 सालों से टेंट में बैठै भगवान श्रीराम ने अद्वितीय घर में अपना जन्मदिन मनाया। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही श्रीराम मंदिर के मामले को लटकाने, भटकाने का काम कर देश की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। उन्होने कहा कि कांग्रेस सहित देश की सारी विपक्षी पार्टियों को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता मिला परंतु अपने वोट बैंक की खातिर कांग्रेस ने प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता ठुकरा दिया। इन्हें सिर्फ एक विशेष वर्ग के वोटों की ही चिंता रहती है। शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के सांस्कृतिक और धार्मिक पुनरूत्थान की बात करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने काशी, मथुरा, महाकाल कारिडोर का निर्माण कराया । सोमनाथ के मंदिर को पुनः सोने से मढ़ा। उन्होने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के पास बताने के लिए 10 साल का ट्रैक रिकार्ड और आने वाले 25 साल का रोडमैप भी है। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस से सवाल किया कि देश में वर्षो राज करने वाली कांग्रेस सरकार ने गरीबों के लिए क्या किया।

### रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इससे पहले बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में भी शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। वहीं सोमवार को सभी ने श्रीराम मंदिर में बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये।



### योगी जैसा साथी मेरे लिए गर्व की बात : मोदी



**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जैसा साथी होना उन्हें गर्व की अनुभूति देता है। मोदी ने यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब हमारी बहन बेटियां घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं। योगी की सरकार में अपराधियों में हिम्मत नहीं है कि वो नागरिकों का अमन चैन बिगाड़ें। प्रधानमंत्री ने कहा जो लोग योगी जी की पहचान केवल बुलडोजर से करते हैं उन्हें अपनी आंख खोल लेना चाहिए। यूपी में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास हुआ, उतना अकेले योगी जी के कालखंड में हुआ है। ओडीओपी का उनका मिशन आज पूरे देश में नई इज्जत प्राप्त कर रहा है। उन्होने कहा यूपी में अगर विकास को नई ऊंचाइयों पर कोई ले गया है तो योगी जी की सरकार लेकर गई है। काशी का सांसद होने के नाते ये मेरे भी माननीय मुख्यमंत्री हैं। मैं गर्व की अनुभूति करता हूं कि मेरे पास ऐसे साथी हैं।

## मुझे अपना असीम स्नेह देने वाले सत्यनारायण बाबा साहू समाज से हैं

# गरीबों की सेवा के लिए समर्पित साहू समाज : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर/गुंडरदेही
www.dailypioneer.com



बहुत अच्छा लगता है कि एक समाज के द्वारा आदर्श विवाह का आयोजन किया जाता है। आज महंगाई के जमाने में साहू समाज के द्वारा यह आदर्श प्रस्तुत किया जा रहा है। मैं साहू समाज के आदर्श विवाह में लगातार शामिल हो रहा हूँ। जहाँ समाज के लोगों द्वारा मुझे खूब प्यार और आशीर्वाद मिलता है। मैंने साहू समाज द्वारा नेक काम देखा कि समाज के एक आदर्श विवाह में हुए 19 जोड़ों की शादी में 7 जोड़े दूसरे समाज के थे, जिसका पूरा खर्च साहू समाज ने वहन किया। निश्चित ही इस प्रकार के समारोह से आज के महंगाई के समय में साहू समाज द्वारा नेक काम करना बहुत ही प्रशंसनीय है। इसके लिए साहू समाज का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और अपनी शुभकामनाएं देता हूँ। मैं चाहता हूँ कि साहू समाज आगे भी ऐसा काम करता रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुंडरदेही के गोड़ेला में आयोजित साहू समाज के सम्मेलन और आदर्श विवाह में शामिल हुए, जहाँ उन्होंने ये बातें कही। श्री साय ने कर्मा माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और नवविवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद देते हुए सफल वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। सीएम साय ने कहा कि आप सबके आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी। भाजपा पार्टी और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक गांव के किसान के बेटे को प्रदेश के मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा, ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज 3 करोड़ छत्तीसगढ़ वासियों के भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रहा हूँ। इसके लिए मुझे साहू समाज का भी पूरा आशीर्वाद चाहिए।

#### सत्यनारायण बाबा को किया नमन

मुख्यमंत्री ने रायगढ़ के कोसमनारा धाम के सत्यनारायण बाबा को नमन करते हुए कहा कि सत्यनारायण बाबा मेरे गुरु हैं। जिनका आशीर्वाद मुझे सदैव मिलता है। वो सबके गुरु हैं, सबके भगवान हैं। बाबा जी 26 साल से खुले आसमान के नीचे बैठे हैं। मानव सेवा के लिए गर्मी-सर्दी-धूप सबको सहते हुए तप कर रहे हैं। उनका मुझ पर असीम स्नेह रहता है। आज मैं जिस मुकाम पर हूँ, इसमें उनका बड़ा आशीर्वाद है। साय ने कहा कि सत्यनारायण बाबा साहू समाज में पैदा हुए, लेकिन वो सभी समाज के आदर्श हैं। ठीक उसी तरह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी साहू समाज में पैदा हुए, लेकिन वो देश ही नहीं दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। जो 140 करोड़ भारतवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए सीएम साय ने कहा कि एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया।

### भारत की संप्रभुता तथा सैनिकों के दृढ संकल्प का प्रतीक है सियाचिन : राजनाथ

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनात सैनिकों की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा है कि यह कोई साधारण भूमि नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता तथा दृढ़ संकल्प का प्रतीक है और इसकी रक्षा करने वाले सैनिकों का गौरवशाली इतिहास युवा पीढी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। सोमवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का दौरा करने के बाद श्री सिंह ने कहा कि जैसे दिल्ली भारत की राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई वित्तीय राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है, वैसे ही सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी है। रक्षा मंत्री ने प्रतिकूल मौसम में दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिकों के साथ बातचीत भी की तथा क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ उत्तरी कमान लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिंद्र कुमार और जनरल ऑफिसर कमांडिंग 14 कोर लेफ्टिनेंट जनरल रशिम बाली भी थे। क्षेत्र के हवाई सर्वेक्षण के बाद रक्षा मंत्री 15 हजार 100 फीट की ऊंचाई पर एक अग्रिम चौकी पर उतरे जहां उन्हें सियाचिन ग्लेशियर में संचालन तैयारियों और मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कमांडरों के साथ संचालन चुनौतियों से जुड़े पहलुओं पर चर्चा भी की। सिंह ने सैनिकों को संबोधित करते हुए विषम परिस्थितियों में वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ मातृभूमि की रक्षा करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सशस्त्र बलों का हमेशा ऋणी रहेगा।

### चुनाव आयोग ने निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

वार्ता < जयपुर
www.dailypioneer.com




भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के दूसरे चरण के सभी जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों की लोकसभा क्षेत्रवार समीक्षा की। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के उच्चाधिकारियों ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम से जुडें समस्त प्रोटोकॉल का विशेष तौर पर रिप्लेसमेंट की स्थिति में एसओपी का ध्यान रखने पर बल दिया। राजनैतिक दलों को ईवीएम कमिशनिंग की सूचना देने एवं उनकी सभी जिज्ञासाओं का तर्कपूर्ण जवाब दिए जाने के निर्देश दिए। आवश्यकतानुसार समय-समय पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्रत्याशियों के साथ बैठक करने का भी सुझाव दिया। साहू ने विधानसभा चुनाव-2023 के समय राजस्थान द्वारा मतदान दिवस एवं इससे पूर्व के 72 घंटों के समय की गई संपूर्ण व्यवस्थाओं की सराहना की एवं साथ ही सुझाव दिया कि इस बार भी इस एसओपी का विशेष ध्यान रखा जाना है एवं मतदान दिवस को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए पहले से ही तंत्र विकसित किया जाना है। लोकसभा चुनावों के समय गर्मी के मौसम के मद्देनजर मतदान दल के सदस्यों के साथ मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल एवं लू से बचाव के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों से उनके जिले में लॉजिस्टिक अरेंजमेंट, बैलेट पेपर प्रिंटिंग, ईटीबीपीएस की स्थिति, होम वोटिंग, प्रशिक्षण, मतदान दल रवानगी व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, सी-विजिल, शिकायत, जब्ती की स्थिति

# तिल्दा के झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई करने की मांग जोर पकड़ रहा

## कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की तैयारी

पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com




कसडोल विधानसभा के ग्राम पंचायत तिल्दा में विगत सालों से वही का रहनेवाला एक झोलाछाप डॉक्टर लोगों का बिना डॉक्टरी डिग्री के इलाज करते हुए आ रहा है। जिससे ग्रामीण के स्वास्थ्य का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीण भोलेभाले मरीजों को झांसे में लेकर इलाज करने का मामला प्रकाश में आया है। मरीजों का स्वास्थ्य संबंधित सामान्य केस हो या बड़ी केस सभी का इलाज बिना डिग्री के किये जाते रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का वातावरण निर्मित हो गया है। ग्रामीणों ने मांग किये हैं कि गॉव के झोलाछाप डॉक्टर के गलत एवं लापरवाही पूर्वक इलाज के चलते न जाने कितने लोगों जान से हाथ गंवा बैठे होंगे, सघन जांच पड़ताल होने पर मामले का खुलासा होगी। वहीं बी एम ओ डॉ. अभिजीत बनर्जी ने कहा कि निश्चित ही इस मामले पर संज्ञान लेंगे एवं एस डी एम, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करेंगे। वहीं मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ एम पी महिश्वर ने बताया कि आपके माध्यम से जानकारी मिल रहा है तो निश्चित ही झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई के लिए टीम भेजेंगे।वहीं मीडिया कर्मियों ने कहा कि तिल्दा के ग्रामीणों की जान माल को ध्यान रखते हुए सुरक्षा की दृष्टिकोण से आरोपी झोलाछाप डॉक्टर पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जिससे किसी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो।

## दक्षिण मुखी मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में महा प्रसादी व भंडारे का आयोजन



**सरायपाली।** अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद इस वर्ष इस जयंती की खुशी दोगुनी हो गई है।वन विभाग परिसर में स्थित दक्षिण मुखी मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में इस बार भक्तों ने झालर लाइटिंग, फूलों की माला से भव्य सजावट किया गया है। आज हनुमान जयंती के अवसर पर तड़के 4 बजे से कपाट भक्तों लिए खोल दिए जाएंगे। इस दौरान सुबह भगवान को पंचामृत से अभिषेक के पश्चात सिंदूर लेप और भगवा रंग के चमचमाती पोशाक, फूलों की माला एवं आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। उसके बाद विधि विधान से पूजन हवन संपन्न किए जाएंगे। भगवान के समक्ष 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया जाएगा। जिसमें कई प्रकार के व्यंजनों को शामिल किया गया है। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर महा आरती के पश्चात सबसे पहले ब्राह्मण भोज कर सभी श्रद्धालुओं को महा भंडारे का भोग वितरित किया जाएगा। जहां भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी किया गया है।



# भंवरपुर में विधायक ने लगाई चुनावी चौपाल, कई गांवों में किया जन संपर्क


पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत विधानसभा के विभिन्न गांवों में लगातार चुनावी चौपाल लगा रही है और कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के समर्थन में वोट मांग रही है। इसी कड़ी में विधायक चातुरी नंद ने ग्राम भंवरपुर के बावा पारा, अघरियापारा, सौंरापारा और इंदिरा मोहल्ला में चुनावी चौपाल लगाकर ग्रामीणों से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को जिताने की अपील की। विधायक चातुरी नंद ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार की महिला को एक लाख सालाना दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी जो कहती है उसे कर के दिखाती है। उन्होंने ग्रामीणों को कांग्रेस सरकार की घोषणाओं से अवगत भी कराया। विधायक ने ग्राम स्वरूपपुर, सिदारडीपा, रंगमटिया, दलदली, डोंगरीपाली में भी चुनावी चौपाल लगाया और कांग्रेस पार्टी को जिताने की अपील की। इस दौरान कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष लीलाकांत पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेंद्र वैष्णव, भंवरपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता श्रवण पटेल, डॉ नंदा, पदमलोचन पटेल, राजेश पटेल, रमेश पटेल, महेंद्र पटेल, सरपंच टप्पू लाल बरिहा, साधु राम साहू, मन सिंह बरीहा, भाई बंध बरिहा, रमेश पटेल, सूरत राम चौहान, कुंजबिहारी पटेल युधिष्ठिर पटेल, गणपति पटेल, गिरधारी पटेल,प्रेम लाल पटेल, हरिशंकर कश्यप, परिचित जगत, डिंगरो लाल, अमर सिंह, पदुम लाल, शोभा राम सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।






श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व की हार्दिक शुभकानाएं...












# कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में दिए निर्देश

**मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं : कलेक्टर**

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रयास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए सभी को टीमवर्क के साथ काम करने के लिए आदेशित किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से कतार लगवाने एवं कुर्सियों की व्यवस्था निर्देश जारी किये गये है। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के



लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड, एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें। कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होना चाहिए। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों का किट भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मतदान दलों के भोजन व्यवस्था के संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन ग्रामों में दिव्यांग मतदाता है, वहां दिव्यांग रथ होना चाहिए। हर गांव में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में ओआरएस उपलब्ध रहे। अधिकारियों के पास स्वास्थ्य अमलों का संपर्क होना चाहिए। आदर्श मतदान केन्द्र आकर्षक थीम के अनुसार बनाएं जाएंगे।

# माओवादियों के लगाए आईईडी से हुई ग्रामीण की मौत

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com

सुरक्षा बलो को क्षति पहुंचाने के लिये लगाये आई ई डी की चपेट में आकर ग्राम मुतवेंडी के एक और मासूम ग्रामीण की मौत हो गई , 20 अप्रैल को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत पटेलपारा मुतवेंडी निवासी 18 वर्षीय गड़िया मुतवेंडी के जंगल में वनोपज के संग्रहण के लिये गया हुआ था, वही माओवादियों के द्वारा लगाये गये आई ई डी के चपेट में आने से मौके पर ही ग्रामीण की मौत हो गई । हाल मे ही ग्राम कचिलवार थाना नैमेड का ग्रामीण अंदरूनी रास्ते से पैदल अपने गांव आते समय इतावर क्षेत्र में माओवादियों के द्वारा लगाये गये आई ई डी की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गये थे ।



# गर्मी से राहत दिलाने पूर्व सांसद प्रतिनिधि द्वारा लगाया गया वाटर कूलर



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रहीं हैं।दंतेवाड़ा जिले की किरन्दुल नगर में भी गर्मी के कारण लोगों का बेहाल हो रहा हैं। इन सब के मद्देनजर किरन्दुल के पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी द्वारा राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए वार्ड क्रमांक 02 रामपुर कैम्प चौक में सोमवार वाटर कूलर का स्थापना किया गया हैं।राजू रेड्डी ने बताया लोगों को इस भीषण गर्मी में शीतल पेयजल मिल सके इस उद्देश्य से वाटर कूलर लगाया गया हैं।मौके पर पूर्व पार्षद सरिता रेड्डी व वार्डवासी उपस्थित थे।

# दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) मतदाताओं को मतदान दिवस पर निःशुल्क परिवहन सुविधा

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पहुंचने सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर प्रत्येक जनपद पंचायत में दो-दो मतदान रथ तथा प्रत्येक नगरीय निकायों में एक-एक इस प्रकार कुल 15 मतदान रथ रवाना किया जाएगा। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर लिया गया है। तथा उनके मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास




स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उसके आवास स्थल तक पहुंचाने निःशुल्क परिवहन सुविधा की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले में 6 हजार 310 दिव्यांग मतदाता, वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) आयु वर्ग के 1453 मतदाता है। ऐसे मतदान केन्द्र को चिन्हांकित किया गया है। जहां इन वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) और दिव्यांग मतदाताओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन को वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांग मतदाता रथ का नाम दिया गया है। जिसका हेल्पलाईन नम्बर - 1950 है। इसके अलावा सक्षम एप्प के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस पर दिए जाने वाली निःशुल्क परिवहन सुविधा के लिए उप संचालक समाज कल्याण विभाग नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जिले के सभी मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (85 प्लस) के लिए विशेष इंतजाम किया गया है। मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर भी रखा गया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि आयोग के निर्देश पर यह व्यवस्था की जा रही है। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मुख्य मार्ग से मतदान केन्द्र और मतदान केन्द्र से अंदर जाने के लिए व्हील चेयर व्यवस्था कर ली गई है। सभी श्रेणियों के मतदाताओं से मतदान करने की अपील जिला निर्वाचन अधिकारी गरियाबंद ने की है।

# सुखाताल और करमतरा में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान





पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के आदेशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर जारी हैं। जिन क्षेत्रों में पिछले चुनाव में70 प्रतिशत से कम मतदान हुआ हैं, वहा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत आज जनपद पंचायत बेमेतरा एवं नवागढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत करमतरा और सूखाताल मे जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी एल धुर्वे अपने स्टाफ और सचिवो के साथ पहुंचकर बुजुर्ग मतदाता एवं पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाताओं का नारियल एवं फूल चावल देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों कों 7 मई को वोट डालने निमंत्रित किया साथ ही मतदाताओं को शपथ भी दिलाया गया। शपथ पश्चात ग्रामो मे भ्रमण कर घर घर जाकर पीला चावल और फूल देकर 7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने निमंत्रण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में एडीशनल सीईओ भरत बंजारे, बीपीएम एवं बड़ी संख्या में सचिव गण और बिहान केडर के सद्स्य स्वयं सहायता समूह के महिलाएं उपस्थित रहे।

## कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 17 मई तक आमंत्रित

**गरियाबंद।** राजीव गांधी बाल भविष्य योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वी तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एंव इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए सघन तैयारी कराई जाती है। जिसके लिए कक्षा 09वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है। सत्र 2024-25 में इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई 2024 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। भरे गये आवेदन में त्रुटि सुधार 18 मई से 20 मई तक किया जा सकेगा। प्रवेश के लिए चयन प्राक्चयन परीक्षा 09 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन लिंक में जाकर आवेदन भर सकते है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ट्रायबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन का भी अवलोकन किया जा सकता है।

# किरन्दुल में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं द्वारा दिया बच्चों को दिया जा रहा हैं प्रशिक्षण





पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com


किरन्दुल धरमपुर कैम्प स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रीष्मकालीन में भी बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शहनाज़,सहायिका रीना पाल द्वारा विभिन्न तरीकों से शिक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।जिसमें बाल विकास और मनोविज्ञान,बच्चों के लिए गीत और कविताएं,संतुलन आहार की अवधारणा के साथ खाद्य और पोषण की जानकारी एवम अन्य विषयों की शिक्षा दी जा रहीं हैं।साथ ही बच्चों को पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है।

**शांति धारा एवं पूजन के उपरांत निकाली गई शोभायात्रा**

# भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

स्थानीय दिगंबर जैन समाज के द्वारा जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया. उक्त कार्यक्रम की बेला में प्रातः7:00 बजे से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का जन्मभिषेक किया गया ,शांति धारा एवं पूजन के उपरांत भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें समाज के सभी सदस्यों महिलाओं एवं बच्चों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया.शोभायात्रा के दौरान नगर का माहौल भक्ति में डूब गया और भगवान महावीर स्वामी के जयकारो एवं जैन धर्म के नारों से







पूरा नगर गुंजायमान हो उठा.यह शोभायात्रा श्री पार्श्व नाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई वापस जैन मंदिर में ही समाप्त हुई.तत्पश्चात भगवान महावीर का अभिषेक करके वेदी पर विराजमान किया गया ,इस अवसर पर जैन समाज के युवाओं के द्वारा नगर में ठंडा शरबत का वितरण किया गया , शाम को मंदिर में भगवान की भव्य आरती की गई । इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज मनेंद्रगढ़ के संरक्षक ज्ञानचंद जैन , अजीत कुमार जैन, महेंद्र जैन,अनिल कुमार जैन, रानू जैन ,श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष रितेश जैन,उपाध्यक्ष रवि जैन, सचिव सौरभ जैन, कोषाध्यक्ष विजयंत जैन ,पीयूष जैन,शैलेश जैन सुनील जैन, बब्लेश जैन, विपिन जैन, अरविंद जैन ,आशीष जैन,देवेंद्र जैन, नीरज जैन,विवेक जैन, संजय जैन, अखिलेश जैन, अशोक जैन, राजेश जैन जिला पंचायत, रूपांक जैन ,रोमिल जैन ,महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रत्ना जैन, मुक्ति जैन, संगीता जैन, नीति जैन ,गुणमाला जैन ,कमला जैन, कल्पना जैन, सुलेखा जैन ,संध्या जैन,शुभ्रा जैन सहित समाज के सभी लोगों का भरपूर योगदान रहा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय का धुँआधार प्रचार निरंतर जारी

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को चुनौती देते हुए कहा की अविभाजित मध्यप्रदेश में 3 साल और 15 साल छत्तीसगढ़ केबिनेट मंत्री रहते हुये भाटापारा के लिये कोई एक काम किया हो तो बताये. कॉंग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय रायपुर लोकसभा क्षेत्र का लगातार सघन दौरा कर रहे इसी कड़ी में बीते दिन अपने दो दिवसीय दौरे पर विकास उपाध्याय भाटापारा और बलौदाबाजार में थे जहाँ वे क्षेत्र के सभी वर्गो से मिल रहे है और जनता की मूलभूत समस्याओं को सुन रहे है सुबह सुबह ग्रामीणों से मिल कर उनके दिनचर्या और उन्हें हो रही परेशानियों पर चर्चा कर रहे है किसानों से मिल रहे है उनके साथ ट्रैक्टर में बैठकर खुद ट्रैक्टर चलाते हुये खेत जोतते नजर आये, अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान विकास उपाध्याय ने पिछले भाजपा के सांसदों की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाये, जहाँ आज रायपुर लोकसभा में लगभग पिछले 35 वर्ष से भाजपा के सांसद चुन कर आ रहे है लेकिन पूरे लोकसभा की हालत बद से बत्तर बनी हुई है, यहाँ से सांसद चुनकर दिल्ली में जाकर रायपुर लोकसभा के विकास को नजरअंदाज कर सिर्फ दर्शक बन मेज को बजाने का काम करते है, विकास उपाध्याय अपने चुनावी प्रचार के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ महिलाओं और युवाओ को भी लेकर साथ चल रहे है बता दे विकास उपाध्याय चुनावी प्रचार के दौरान एक आकर्षक रथ में बैठकर पूरे लोकसभा क्षेत्र का भ्रमण कर रहे है और जनता के बीच पहुँच कर रथ से ही सभा को संबोधित कर रहे है। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने भी कहा की पार्टी प्रत्यासी विकाश उपाध्याय की संभावित जीत से भाजपा प्रत्यासी को भी आभास हो गया है,और इसी कारण उन्होंने भाटापारा में कहा की इस बार रायपुर लोकसभा से इतिहास बनने जा रहा है, क्युकी भाजपा का तिलस्म को इस बार हमारे प्रत्यासी विकास उपाध्याय तोड़ने जा रहे है। विकास उपाध्याय ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाटापारा शहर के खोलवा, बलभद्र वार्ड, नयापारा वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय नगर वार्ड, केके वार्ड, सती मंदिर वार्ड, मुंशी इस्माईल वार्ड में कांग्रेस के साथियों के साथ प्रचार प्रसार किया। साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने लगभग 18 साल जिसमे 3 साल अविभाजित मध्यप्रदेश में और 15 साल छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री रहे भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को चुनौती देते हुये कहा यदि उन्होंने भाटापारा के लिये कोई एक काम भी किया हो तो बताये। भाटापारा में प्रचार प्रसार कार्यक्रम में विकास उपाध्याय के साथ भाटापारा के प्रमुख नेतागण भाटापारा प्रभारी प्रमोद तिवारी,सुशील शर्मा,सतीश अग्रवाल, कुबेर यदु राधेश्याम शर्मा फग्गा महराज, राजकुमार शर्मा,सुनील माहेश्वरी,,शैली भाटिया,अमित शर्मा,,ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यदु अशोक ध्रुव,विनोद बल्लू अग्रवाल,अमर मंडावी,भरत वर्मा, दिवाकर मिश्रा, आलोक मिश्रा,कमल ठाकुर,राजुकुमार धृतलहरे,जित्तू ठाकुर,सुंदर साहु,आबिद खान, रवि ध्रुव,अरुण वर्मा,कुलेश्वर साहु,नंदू साहु,,महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष गौरी भृगु, मुकेश साहु,बसंत देवांगन,मोती देवांगन,ललित यदु,नेतराम देवांगन,कोमल साहु,युवराज साहु सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पर हो रहे बाल विवाह की तैयारी को रूकवाया

**गरियाबंद।** जेल में बंद (बंदी) पिता ने किसी के माध्यम से पता चलने पर घर में चल रही बाल विवाह करने की तैयारी को लेकर जेलर को सूचना दी। इस पर जेल प्रशासन ने सिटी कोतवाली के माध्यम से जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों द्वारा उनके घर में चल रही बाल विवाह करने की तैयारी को रूकवाया। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम में 15 अप्रैल 2024 को बाल विवाह करने की तैयारी एक घर में चल रही है। जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक कुमार पाण्डेय एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती दीपा शाह के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में उक्त गांव में बाल संरक्षण से एल.सी.पी.ओ श्री शरदचंद निषाद चाईल्ड लाईन गरियाबंद से समन्वयक श्री तुलेश्वर साहू, परामर्शदाता सुश्री निशा नेताम द्वारा बाल विवाह होने वाले स्थान में पहुंच कर विवाह होने वाली बालिका का आयु संबंधी दस्तावेज परीक्षण किया गया। जिसमें बालिका की आयु 18 वर्ष से कम होना पाया गया। इस पर ग्रामीणवासियों एवं परिवार के लोगों को बाल विवाह न करने की समझाईश दी गई।

## चिरौंजी गुठली के समर्थन मूल्य में वृद्धि होने से संग्राहकों में खुशी

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



चिरौंजी गुठली संग्रहण सीजन 2024 अंतर्गत गरियाबंद वनमंडल को कुल 6000 क्विंटल संग्रहण का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है। संग्रहण लक्ष्य प्राप्ति हेतु वनमंडल के द्वारा पूरे जिले में 30 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से संग्रहण केन्द्र स्थापित किया गया है । पूर्व में चिरौंजी गुठली की दर ग्रेड-1 का दर 126 रूपये एवं ग्रेड-2 का दर 115 रूपये प्रति किग्रा निर्धारित किया गया था। गरियाबंद वनमंडल के भौगोलिक क्षेत्रों में बे-मौसम बारिश से चिरौंजी गुठली के फसल का भारी नुकसान होने के कारण चिरौंजी गुठली का उत्पादन घटा है, जिससे स्थानीय बाजार दर में वृद्धि हुई है। वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह के निर्देशानुसार एवं अतुल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पूरे जिले में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संग्राहकों से संपर्क कर चिरौंजी गुठली की उपलब्धता एवं बाजार दर का सर्वेक्षण कराया गया । सर्वे में पाया गया कि शासन द्वारा निर्धारित दर एवं बाजार दर में काफी अंतर होने के कारण वनमंडलाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित रायपुर को उक्त वनोपज के संग्रहण दर में वृद्धि हेतु लेख किया गया। छ.ग.राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ रायपुर द्वारा संग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उक्त वनोपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करते हुए ग्रेड-1 का दर 350 रुपये प्रति किग्रा, ग्रेड-2 का दर 270 रुपये प्रति किग्रा तथा ग्रेड-3 का दर 190 रूपये प्रति किग्रा निर्धारित किया गया है।

वर्तमान में चिरौंजी गुठली के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि होने से संग्राहकों में काफी उत्साह एवं खुशी का माहौल है।

# मंदिर हसोद टास्क टीम ने 7 लाख से अधिक की रकम पकड़ी गई

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



22.04.2024 मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर संजय कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मंदिर हसोद टास्क टीम की प्रभारी तरुणा साहू के सहयक उप.निरीक्षक नरेंद्र और प्रधान आरक्षक बी एल यादव द्वारा गाडी संख्या 22815 एर्नाकुलम एक्स्प्रेस से आये यात्रियों को प्लेटफॉर्म 01 में जांच के दौरान कर बाहर जाते हुए एक व्यक्ति को सीढ़ी के पास रोका गया नाम पता पूछने पर महेश पंजवानी पिता भोजमल पंजवानी उम्र 45वर्ष निवासी महाशक्ति वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा जिला बलौदा बाजार ( छत्तीसगढ़) बताया उसके पास रखे काले रंग बैग के बारे में पूछने पर बैग में कैश होना बताया और कैश ?750000 ( सात लाख पचास हज़ार )होना बताया उक्त कैश ले जाने के संबंध में कागजात की मांग करने पर मौके पर कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। उक्त जानकारी अविलंब वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुये उक्त व्यक्ति को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया जहां अविलंब उडन दस्ता विधान सभा रायपुर उत्तर क्षेत्र के उडनदस्ता के कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी मेम को जानकारी दिया गया। उक्त सूचना पाकर उडनदस्ता टीम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर में पहुंचकर उक्त कैश ?750000 को उपस्थित गवाहों के समक्ष गिनती कर मौके पर उडनदस्ता कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी मेम द्वारा जप्ती की कार्यवाही कर अपने कब्जे में लिया गया। तथा जप्ती एवं कार्यवाही की सूचना डिप्टी डायरेक्टर आयकर 2 नया रायपुर को मेल के माध्यम से सूचित किया गया।

# महावीर भगवान की जियो और जीने दो के नारों के साथ जैन समाज की विशाल अहिंसा रैली निकाली

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई भगवान महावीर के जन्म उत्सव के अंतर्गत रविवार को शहर में चांदी की पालकी में विराजमान भगवान महावीर की पालकी निकाली गई थी शोभायात्रा दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के गांधी चौक बस स्टैंड बजरंग चौक सदर चौक नेहरू चौक से होकर मंदिर पहुंची सभी समाज के लोगों ने जुलूस का स्वागत कर बधाई दी बच्चे महिलाएं सड़कों पर भक्ति डांस एवं महावीर के उपदेशों के संदेश को को हर घर घर पहुंचने का संकल्प लिया महावीर जयंती के अवसर पर बलौदा बाजार जैन समाज के अध्यक्षदिनेश जैन व जैन समाज के सचिव अमित जैन ने कहा भगवान महावीर जी का जियो और जीने दो के संदेश व दूसरो के साथ भी ठीक ऐसा ही व्यवहार करो जैसा तुम स्वयं दूसरों से अपने प्रति अपेक्षा करते हो शहर में हर्ष और उल्लास का माहौल था, जैन महिला मंडल अध्यक्ष सुमन जैन साथ में डिंपल जैन व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अंजू जैन ने बताया भगवान महावीर जैन समाज के 24वें तीर्थंकर थे उन्होंने कहा था पर्सपेरो ग्रहों जीवानाम भगवान ने कहा था संसार में जितने भी प्राणी है वह सब सुख से जीना चाहते हैं दुख किसी को प्रिय नहीं है इसलिए किसी भी प्राणी को कष्ट मत पहुंचाओद्यजैन समाज वा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने पूरे धर्म प्रेमियों को महावीर जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी है और कहा कि हमारे लिए अहिंसा सर्वोपरि है , जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य इंद्र कुमार पंडित धन प्रसाद जीजैन पदम जैन कपूर चंद जैन रमेश जैन महेंद्र जैन पवन जैन अखिलेश जैन सुरेश जैन नरेंद्र जैन दिलीप जैन बाबूलाल जैन अनिल जैन प्रवीन जैन धीरज जैन अजेश जैन विपिन जैन अनुराग जैन सुमित जैन ऋषभ जैन सुभाष जैन संदीप जैन महिलाओ में समाज की अध्यक्ष श्रीमती सुमन जैन आरती ,ममता, मनाली मिलन तृप्ति शिल्पा डिंपल जैन ज्योतिजैन,दीपिका जैन नेहा सुभाष जैन, एवं बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

## अनेक बूथों पर मतदाता पर्ची बांटकर रुपकुमारी के लिए घर घर जाकर मांगा वोट



**सरायपाली।** महिला मोर्चा की जिला महामंत्री पुष्पलता चौहान ने विधानसभा के ग्राम बेलमुंडी,खैरझिटकी,जलगढ़ में शक्ति केंद्र जलगढ संयोजक गिरीश साहु सह संयोजक अजीत साहू,बूथ अध्यक्ष रेशमलाल साहु युवा कार्यकर्ता लिंगराज साहु, महेश पटेल सोमनाथ पटेल शशिधर भोई जितेंद्र बरिहा उत्तर बारिक शत्रुघन भोई करुणाकर यादव बिशीकेशन भोई बैजनाथ पटेल आदि अनेक कार्यकर्ताओं के साथ नकली मतपत्र व मतदाता पर्ची बताकर भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के लिए घर-घर जाकर वोट मांगा। मोदी जी के जन कल्याणकारी योजना किसान समृद्धि योजना महतारी बंधन योजना गरीब कल्याणकारी योजना युवाओं के लिए योजना एवं योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हर कार्यकर्ता, जनताऔर महिलाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## श्री हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा पाठ और भजन कीर्तन कार्यक्रम

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में दिनांक 23 अप्रैल (मंगलवार) को श्री हनुमान जयंती( प्रकटोत्सव) पर सायं काल 5:00 बजे से 6:00 बजे तक हनुमान चालीसा पाठ और भजन कीर्तन कार्यक्रम रखा गया है, उक्त जानकारी दिव्य जीवन संघ के दौलत राम चन्द्राकर ने दी।



## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन की विशेष पहल

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश और स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल करते हुए गत दिवस जिला प्रशासन द्वारा जिले के 6 लाख 5 हजार लोगों के मोबाईल नम्बर पर बल्क मैसेज के माध्यम से 26 अप्रैल को वोट अवश्य करने की अपील की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अनोखी पहल करते हुए लोगों को विशेष प्रकार से मतदान के बारे में जानकारी देने और उन्हें मतदान के लिए अपील करने हेतु नागरिकों के मोबाइल नंबर पर टेक्स्ट मैसेज एक साथ भेजा गया। जिसमें 26 अप्रैल को अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने की अपील की गई। बल्क मैसेज अनोखा माध्यम मतदाता जागरूकता का अनोखा माध्यम बना जिसके तहत मोबाइल धारक को तुरंत सूचना प्राप्त हो गई। साथ ही मोबाइल पर मैसेज प्राप्त करता मोबाइल धारक अपने घर के मतदाताओं को मतदान करने के बारे में जागरूक करने में सहयोगी बने।

## शिवम एजुकेशनल एकेडमी इंद्रप्रस्थ पेरेंट्स फेस्ट-2 का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com






शिवम एजुकेशनल एकेडमी इंद्रप्रस्थ,रायपुरा, रायपुर में 21 अप्रैल को पेरेंट्स फेस्ट -2 का आयोजन किया गया जिसमें दादा दादी , नाना नानी एवं अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का प्रबंध किया गया जिसमें दादा दादी और नाना नानी के के लिए , दादा दादी एवं नाना नानी के मेरी प्रतिभा(कहानी कथन),साथ ही अभिवावकों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता अग्निरहित भोजन बनाना ,रंगोली ,पुरानी संसाधनों का उचित उपयोग एवं हम सब एक परिवार है आदि कार्यक्रम सम्पन्न किया गया साथ ही विद्यालय के मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम ,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये उपरोक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों के उचित मार्गदर्शन प्राप्त करना एवं विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना एवं साल भर होने वाले विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देना था कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा एवं विद्यालय प्रबंधन तथा विद्यालय के प्राचार्य विनोद पांडे एवं समस्त शिक्षक वृंद उपस्थित थे।

## शक्ति केंद्र की बैठक भाजपा के नेता आनंद अग्रवाल के आश्रय लाज में

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल में शक्ति केदो की बैठक लगातार जारी है इसी कड़ी में नेहरू वार्ड शक्ति केंद्र की बैठक भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद अग्रवाल के आश्रय लाज में संपन्न हुई नेहरू वार्ड, नयागंज वार्ड एवं के के वार्ड के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद अग्रवाल ने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है बल्कि देश की अस्मिता का चुनाव है और जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में हमारा देश एक मजबूत शक्ति के रूप में विश्व में उभरा है परंतु कुछ विदेशी शक्तियां यह बर्दाश्त नहीं कर पा रही हैं और वह पीछे से विपक्षी दलोंको समर्थन कर रही हैं और विपक्षी दल भी सत्ता पाने के लिएराष्ट्रीय विरोधी तत्वों से मिले हुए है हमें उन विपक्षी दलों के मंसूबों को बेनकाब करने के लिए भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड बहुमत से जीताना है और यह हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि बृजमोहन अग्रवाल के रूप में हमें दबंग प्रत्याशी मिला है जिन्होंने पिछला रायपुर का विधानसभा चुनाव भी रिकार्ड मतों से जीता है ऐसे सक्रिय एवं हर कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में खड़े होने वाले प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को विजय बनाने के लिए हम प्राण प्राण लग जावे कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह एवं पूर्व पार्षद आशीष जायसवाल ने भी संबोधित किया इस अवसर पर पूर्व पार्षद उमाशंकर वर्मा राजू पटेल नरेश अग्रवाल राजेंद्र साहू अंजलि जायसवाल परदेसी प्रदीप तिवारी संजय चौहान कुंदन यादव सतनारायण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता का उपस्थित थे।

# जरूरत और सख्ती : अब हर जगह 'ग्रीन नेट'

## 40 से 90 रुपए मीटर पर स्थिर

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



कुछ जरूरत, कुछ सख्ती। ग्रीन नेट अब हर जगह अनिवार्य माना जा रहा है। भरपूर मांग के बावजूद कीमत हर उपभोक्ता वर्ग की क्रय शक्ति के भीतर ही है। जागरूकता और नजर आते काम के बाद ग्रीन नेट का उपयोग अब लगभग हर क्षेत्र में बढ़ता नजर आ रहा है। कुछ बरस पहले कृषि वैज्ञानिकों की सलाह पर सब्जी बाड़ियों में ही नजर आने वाला ग्रीन नेट, जिस गति से फैलाव ले रहा है, उसके बाद अपने छत्तीसगढ़ में भी तीन इकाइयां ग्रीन नेट का निर्माण कर रहीं हैं। इसलिए गुजरात पर से निर्भरता पूरी तरह खत्म हो चुकी है।

### यहां अनिवार्य

भवन निर्माण क्षेत्र। प्रशासन के नियम स्पष्ट हैं कि निर्माण स्थल, न केवल ग्रीन नेट से घिरा हुआ होना चाहिए बल्कि निर्माण किया जा रहा भवन भी ग्रीन नेट से कवर्ड किया जाना अनिवार्य है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, गौण खनिज परिवहन और भंडारण में इस उपाय को अनिवार्य कर चुका है। यह इसलिए क्योंकि तेज धूप और तेज हवा में इसके कण मानव और मवेशियों के स्वास्थ्य को हानि पहुंचाते हैं। फैलाव ले रहा यहां घरों और व्यापारिक संस्थानें। ग्रीन नेट को जिस तरह यह क्षेत्र स्वीकार्य कर रहे हैं, उसने इस उपाय को फैलाव ही दिया है। मौसम तेज धूप और गर्मी का है। ऐसे में इसे बेहद सरल उपाय माना जा रहा है बचाव के लिए। यह क्षेत्र इसलिए तेजी से बढ़ता अवसर माना जा रहा है क्योंकि यहां उपयोग के क्षेत्र कहीं ज्यादा है। इसके पहले तक यह उपभोक्ता वर्ग सामान्य तिरपाल का ही उपयोग करता था।

### पूरे साल मांग

सब्जी बाड़ियां, नर्सरी और कृषि अनुसंधान का क्षेत्र। यह तीन ऐसे हैं, जहां ग्रीन नेट की जरूरत पूरे साल पड़ती है। बड़ी मांग वाला यह क्षेत्र, हमेशा से इकाइयों के बीच प्राथमिकता वाला क्षेत्र रहा है। कैसा होना चाहिए ? क्या बदलाव जरूरी है ? जैसे मार्गदर्शन भी इकाइयों को यहीं से मिलते हैं। जिसके दम पर हर बरस नई सुविधा वाले ग्रीन नेट की पहुंच बाजार तक संभव हो रही है।

बेहतर है मांग प्रशासनिक सख्ती और जरूरत की वजह से ग्रीन नेट में इस बरस मांग बेहतर है। रही बात कीमत की, तो इसमें 40 से लेकर 90 रुपए मीटर तक रेंज है। इसलिए हर क्रय शक्ति वाले उपभोक्ता इसकी खरीदी कर रहे हैं।

**-मोहन बजाज, बजाज रोप सेंटर, बिलासपुर**

# पुलिस ऑब्जर्वर ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत जांजगीर चांपा एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस श्री बिपिन शंकर राव अहिरे ने आज बलौदाबाजार के नवीन मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम,मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाबलों,सीसीटीवी कैमरा,डबल लॉक इत्यादि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.एल.चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानन्द कुमार भी साथ थे। पुलिस आब्जर्वर ने विधानसभा वार बनाये गए मतगणना कक्ष का अवलोकन करते हुए टेबलों की संख्या,स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम मशीनों को लाने की व्यवस्था, मतगणना अधिकारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं सहित मीडियाकर्मियों के प्रवेश की जानकारी ली। उन्होंने मतदान दलों के लिए मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण व्यवस्था की भी जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए है। इसके साथ ही प्रेक्षक श्री अहिरे ने पार्किंग स्थल के लिए आराक्षित स्थलों का भी अवलोकन कर जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर,उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर.दुबे,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# मतदान केंद्रों में रैम्प, पेयजल, बिजली की सुविधा के अलावा शौचालय, छांव, पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश

- सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : कलेक्टर
- सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सेक्टर अधिकारी सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत नियुक्त किए गए जिले के सभी सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिससे की बालोद जिले में निर्विघ्न रूप से एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हो सके। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित सभी सहायक रिटर्निंग आफिसर, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के अलावा सेक्टर अधिकारीगण उपस्थित थे।

**मतदान केंद्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश-** इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी सेक्टर अधिकारियों को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने को कहा। जिससे की उन्हें कार्य संपादन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों के अंतर्गत जिले में किसी भी स्थिति में लॉ एंड आर्डर की स्थिति निर्मित नही होनी चाहिए। इसके लिए निर्वाचन संबंधी कार्यों को शत प्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने अधिनस्थ सभी मतदान केन्द्रों के साथ-साथ संगवारी एवं दिव्यांग मतदान केन्द्रों का तत्काल निरीक्षण कर वहाँ सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने प्रभार क्षेत्रों में मोबाईल नेटवर्क का भी जाँच करने के निर्देश दिए। जिससे की मतदान के दौरान जानकारी प्रेषित करने तथा संपर्क स्थापित करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस से 72 घण्टे पूर्व की तैयारियों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के अंतर्गत अपने प्रभार वाले सभी मतदान केंद्रों में रैम्प, पेयजल, बिजली की सुविधा के अलावा शौचालय, छांव, पर्याप्त फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

**सामग्री वितरण काउंटर से सामग्री प्राप्त करवा लेने के निर्देश-** इसके अलावा उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस से 48 घण्टे पूर्व की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसके अंतर्गत उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान दलों के ठहरने, रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मतदान दिवस से 24 घण्टे पूर्व की जाने वाली तैयारियों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अंतर्गत उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण केन्द्र पर अपने जोन के सभी मतदान केन्द्रों के सभी पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं सामग्री वितरण काउंटर से सामग्री प्राप्त करवा लेने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने अपने जोन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर, वेब कास्टिंग दल और वीडियोग्राफी की जानकारी भी एकत्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने जोन क्षेत्र के रूट चार्ट के अनुसार मतदाताओं को लेकर जाने वाले वाहनों और संबंधित वाहन प्रभारियों की जानकारी भी प्राप्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने भी सेक्टर अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## आपरेशन मुस्कान के तहत थाना बेरला पुलिस ने गुम बालक को उनके परिजनो के किया गया सुपुर्द

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बिरला पुलिस ने गुमशुदा बालक को उनके परिवार जनों को सुपुर्द किया गया। 20.04.2024 को प्रार्थी ने थाना बेरला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18.04.2024 को इसका नाबालिक लडका उम्र करीबन 14 साल जो घर से बिना बताये कही चले जाना तथा पतातलाश करते रहने से नही मिलने पर गुम इंसान पर थाना बेरला में अपराध सदर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले एवं स्टाफ को गुम / अपहृत बालक की पता तलास करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना बेरला पुलिस टीम ने आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बच्चा गुम/अपहृत (बालक) को 21.04.2024 को थाना सिविल लाईन रामपुर कोरबा जिला कोरबा से दस्तयाब कर बरामद किया गया है। बच्चा (बालक) को उनके पिता (परिजनो) के सुपुर्द किया गया। बच्चा (बालक) के पिता एवं परिजनो ने अपने बच्चे को अपने पास पाकर बहुत खुश हुये और खुशी जाहिर करते हुए बेमेतरा पुलिस का हृदय से अभार व्यक्त किये। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी, आरक्षक खुशाल बोरकर एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

## मटिया में बाल विवाह रोकने महिला बाल विकास टीम की दबिश, रोका गया 2 बाल विवाह

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम मटिया में महिला बाल विकास टीम के द्वारा दो बाल विवाह को रोका गया। रणवीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह मुक्त करने हेतु महिला बाल विकास एवं संयुक्त टीम जिले में लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में बीते दिन चाइल्ड हेल्पलाईन न. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड साजा के ग्राम मटिया, तह-साजा के 2 बालकों का बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई थी, जानकारी के आधार पर चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सी.पी. शर्मा महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव एवं साजा परियोजना अधिकारी लत्ता चांवड़ा के नेतृत्व में बाल विवाह के रोकथाम हेतु कार्यवाही की गयी। उक्त ग्राम के बघेल परिवार के एक बालक एवं कुर्रे परिवार के युवक का विवाह होने जा रहा था जहाँ बघेल परिवार के बालक की शादी नारंग परिवार रघुनाथपुर, कबीरधाम एवं कुर्रे परिवार की युवक की शादी कुर्रे परिवार सीरवाबांधा, बेमेतरा की युवती से बाल विवाह किये जाने की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रोकवाया गया। शिकायत प्राप्त होने पर मटिया में बघेल एवं कुर्रे परिवार के एक-एक बालक का बाल विवाह रोकवाया गया। उक्त युवकों में से एक युवक की बारात सीरवाबांधा, जिला बेमेतरा प्रस्थान होने की तैयारी हो रही थी। सूचना के पश्चात टीम द्वारा युवकों के परिवार जनों के समक्ष कार्यवाही किया गया। वधु पक्ष को भी दूरभाष के माध्यम से समझाईस दी गई एवं जिला बाल संरक्षण इकाई कबीरधाम से समन्वय स्थापित कर उक्ताशय के संबंध में जानकारी दी गई। युवक के परिजनों के द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई तथा विवाह स्थगित करने की बात कही गई, युवक के परिजनों के कथन अनुसार हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है। संयुक्त टीम द्वारा समझाईस दिये जाने पर वर पक्ष द्वारा उक्त बालक का विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है, जो भी व्यक्ति यथाः बाल विवाह कराने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती, विवाह कराने वाले पुरोहित, बैंड बाजा, हलवाई एवं टेंट वालों पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। जो व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में सहयोग प्रदान करता है, तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रु. तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को बालक विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। बाल विवाह की सूचना अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पुलिस थाने में महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी/ कर्मचारी/आगनबाडी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार आदि को दी जा सकती है। इस कानून के अनुसार बाल विवाह के बंधन में आने वाले बालक/बालिका को अपना विवाह शून्य घोषित कराने का अधिकार है। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 में या विभागीय मो. न. 8319141116, 8269844404 पर सूचित किया जा सकता है।

## बिलासपुर से 5 ने नाम वापस लिया, चुनाव मैदान में एक महिला समेत 37 प्रत्याशी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का नाम वापसी का अंतिम दिन था। कुल 42 प्रत्याशियो ने नामांकन भरा था जिसमे से आज एक महिला समेत 5 उम्मीदवारो ने अपना नामांकन पत्र वापस लेते हुए चुनाव मैदान से गए है ।इस तरह बिलासपुर सीट में अब 37 प्रत्याशियो के बीच चुनावी जंग होगी जिसमे एक महिला प्रत्याशी भी है ।रायपुर लोकसभा सीट में सर्वाधिक उम्मीदवार है जबकि बिलासपुर सीट दूसरे नंबर पर है। बिलासपुर सीट से हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव और भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू के बीच ही मुख्य मुकाबला है लेकिन बसपा भी चुनाव मैदान में है। जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आज शाम तक पांच निर्दलीय प्रत्याशियों अर्चना मारकंडे,विकास खांडे,नवीन साहू कमल जांगड़े सच्छिदानंद साहू ने नाम वापसी के लिए आवेदन किया था। पिछली बार लोकसभा चुनाव 2019 में 25 प्रत्याशी मैदान पर थे। इस बार अधिक प्रत्याशियो से सोशल समीकरण बिगड़ सकता है। 22 निर्दलीय समेत सभी 37 प्रत्याशियो को चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजनीतिक दल के चिन्ह उन्हें भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा पहले से ही आवंटित हैं, वही निर्दलीय प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह उन्हें आवंटित कर दिया गया है। वहीं कुछ पार्टी के एक से ज्यादा लोग ने नाम निर्देशन फॉर्म लिए था, जिसका लॉटरी के माध्यम से नाम निकल गया है। लोकसभा में बड़ी संख्या में प्रत्याशी होने से राजनीतिक दलों के सोशल इंजीनियरिंग पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

बिलासपुर अपर जिला कलेक्टर व निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी ने बताया कि आज नाम वापसी का अंतिम दिन था, जिसमें 5 लोगों ने अपने नाम वापस ले लिया, वही बाकी 37 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जा चुके हैं बिलासपुर लोकसभा सीट में इतने अधिक प्रत्याशी मैदान पर हैं कि मुख्य राजनितिक दलों की भी चिंता बढ़ गई है..!

## बुजुर्ग मतदाताओं को केंद्र तक लाने आयुक्त मोनिका ने बनाई कुल 24 टीम, ए आर ओ ने देखी मतदान केंद्र की व्यवस्था





पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 80 पार है, उन्हे मतदान कराने पोलिंग बूथ तक लाया जाएगा। इसके लिए रिसाली निगम ने 2 दर्जन से ज्यादा आटो व ई रिक्शा की व्यवस्था की है। मतदाता रथ से मतदाताओं को केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी 30 कर्मचारियों पर रहेगी। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मतदाता रथ प्रभारियों की बैठक सोमवार को ली। 80 उम्र पार कर चुके मतदाताओं और दिव्यांगो की सूची उपलब्ध कराई गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए कि मतदाताओं की सूची के हिसाब से रूट तैयार कर पहले से मतदाताओं को सूचित करे। आयुक्त ने मतदाता रथ प्रभारियों को कड़े शब्दों में कहा कि इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**केवल दिव्यांग व बुजुर्ग-** आयुक्त ने रथ के प्रभारियों से कहा है कि रथ का उपयोग केवल दिव्यांग या फिर बुजुर्गो के लिए होगा। किसी भी राजनैतिक दल के सदस्यों के कहने पर रथ का उपयोग सामान्य वर्ग के लिए न किया जाए। मोनिका वर्मा ने कहा कि रथ में सवार मतदाता केंद्र में सीधे प्रवेश कर मतदान कर लौटेंगे।

**ए आर ओ ने किया निरीक्षण-** दुर्ग ग्रामीण के ए आर ओ मुकेश रावटे ने रिसाली निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। रिसाली बस्ती, आत्मानंद स्कूल, मरोदा कैंप और स्टेशन मरोदा केंद्र में बने बूथ के प्रवेश, निकाश द्वार की स्थिति को देखा। आत्मानंद स्कूल में बनाए केंद्र का कक्ष बदलने निर्देश दिए।

## जरुरतमंदों की सेवा और देश का विकास ही भाजपा का लक्ष्य है : भावना बोहरा

- भाजपा अंत्योदय के लक्ष्य के साथ सर्व जन के हित व अधिकार के लिए कार्य करने वाली पार्टी : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है जिसे लेकर पार्टिओं की जनसंपर्क कार्यक्रम भी तेजी से चल रह हैं। इसी कड़ी में राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में पंडरिया विधानसभा से भाजपा को बड़ी जीत दिलाने के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा भी लगातार अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनसंपर्क कर रही हैं। सोमवार को उन्होंने ग्राम संडी, डोंगरियाकला, चारभाटाकला, बिशेसरा, रोहरा, घोघराकला, खैरझिठी पुराना, बिरौनी एवं पांडातराई नगर में जनसंपर्क किया और 26 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के लक्ष्य के साथ सर्व जन के हित व अधिकार के लिए कार्य करने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कुशल नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं विकास कार्यों से भारत को एक नई दिशा दी है। हमारा भारत विश्व मे अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता ने भी भाजपा की इसी नीतियों को देखते हुए विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाई है और लोकसभा में भी प्रचंड मतों से भाजपा की सरकार बनाकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। मोदी जी के नेतृत्व में 10 वर्षों में देश में जो विकास हुए हैं वो कांग्रेस 100 वर्षों में भी नहीं कर सकती। भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की योजनाओं और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के सुशासन में प्रदेश की जनता उत्साहित है, आज महिलाओं, युवाओं,किसानों, बुजुर्गों एवं प्रत्येक व्यक्ति व वर्ग के लिए डबल इंजन की भाजपा सरकार एक विजन के साथ काम कर रही है, जहां छत्तीसगढ़ के सर्वांगिण विकास के साथ जनहित के लिए योजनाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो रहा है। मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करने के लिए लगातार कार्य करते हुए आज महतारी वंदन योजना, किसानों का बकाया धान बोनस, 3100 प्रति क्विंटल में धान खरीदी और तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा देने की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन हो रहा है और पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख आवासों की स्वीकृति मिलने से जनता में एक नया विश्वास दिखाई दे रहा है।

### भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ की विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

## व्यापारियों की कोई चिंता करने वाला है तो वो है मोदी जी : विधायक साहू

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ की विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे कार्यक्रम मे सम्मालित हूए। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि विधायक साहू को बुके भेटकर सम्मानित किया गया। जिसमे बाद कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओ के साथ सामाजिक शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों को भगवान श्री राम की स्मृति चिन्ह भेटकर मुख्य अतिथियों के हाथों से सम्मानित किया गया द्य वही कार्यक्रम मे विधायक दीपेश साहू द्वारा भाजपा गमछा पहनाकर व्यापारियों का स्वागत किया गया द्य कार्यक्रम मे आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापार प्रकोष्ठ की भूमिका को लेकर गंभीर मंत्रणा की गई। छत्तीसगढ़ में फिर भाजपा की सरकार बनाने व्यापार प्रकोष्ठ की भूमिका को रेखांकित करते हुए अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़ने प्रतिबद्धता दोहराई गईद्य कार्यक्रम शिशु मंदिर बेमेतरा मे मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू की उपस्थित मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हूए दीपेश साहू ने कहा की विधानसभा चुनाव मे व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रत्येक नागरिकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हूए छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार बनाने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है इस बार आगामी लोकसभा चुनाव मे भी व्यापारी प्रकोष्ठ से काफी उम्मीद है आप सभी इस बार अधिक से अधिक मतों से हमारे दुर्ग लोक सभा प्रत्यासी बड़े भैया विजय बघेल को भारी मतों से विजयी दिलाकर केंद्र मे 400 लोकसभा सीट पार के साथ केंद्र मे भाजपा की सरकार बनाना है द्य व्यापार प्रकोष्ठ किसी भी प्रदेश में व्यापारियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। व्यापारी स्वाभाव से सरल होता है, कमजोर नहीं होता। इसलिए व्यापार प्रकोष्ठ को व्यापारियों को जोड़कर मजबूत संगठन बनाना चाहिए। हमारी मोदी जी की सरकार सबसे ज्यादा व्यापारियों की चिंता करते है और सम्मान करते है। मोदी जी की सरकार व्यापारियो के लिए अनेको योजनाए संचालित कर रही है जिसके माध्यम से व्यवसाय व्यापार चलाये के लिए केंद्र सरकार हमेशा व्यापारियों के लिए अनेको कदम उठा रही है । विधायक साहू ने कहा की व्यापार प्रकोष्ठ अच्छे तरीके से अपना काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ से आशान्वित है हर संभव सहयोग करने के लिए भाजपा के सभी नेता तत्पर है। निश्चित तौर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा को मजबूती प्रदान करेगा। और आगामी लोकसभा चुनाव मे संगठित 400सीट पार के लक्ष्य को लेकर केंद्र मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बननाना है। आज किसी प्रदेश की आबादी में बहुत बड़ी संख्या व्यापारी वर्ग की होती है।

कार्यक्रम मे विधायक दीपेश साहू के साथ शिव चंद्राकर, अजय असिन, शंकर बजाज, अनिल माहेश्वरी, सुरेश पटेल, महेश राजपूत, राजेश दीवान, दीपक मोटवानी, श्याम सलूजा, अमित महेशवरी,राजा राम साहू, लाला अग्रवाल,हरजीत छुरा, नीतू कोठारी, केशव मोटवानी, अरुण राठी, इलियास सेखानी, नम्रता चंदेल, सुनील मिश्रा, सोनी जी, पूनम सोनी, लक्ष्मी सोनी, राजू देवांगन, रोहित साहू, ललिता साहू, रीना साहू,सावित्री रजक, पिंकी साहू, सहित भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी कार्य कर्ता मौजूद रहे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**क्र.सं. (1) ई-निविदा सं.: सी.डीईई-जी-आर-ओटीपी-24-25-03, दिनांक 18.04.2024**

**कार्यः** इलेक्ट्रिकल (जी) काम का हिस्सा- **(1)** खारून रेल विहार कॉलोनी रायपुर में रेलवे इंस्टीट्यूट ग्राउंड में रोशनी के स्तर में सुधार **(2)** एसईसीआरएसए ग्राउंड रायपुर में रोशनी के स्तर में सुधार । **निविदा मूल्यः रू. 21,90,027.00/-, बयाना राशिः रू. 43,800.00/-, निविदा प्रस्तुत करनाः 11.30 बजे तक दिनांक 20.05.2024.**

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता का मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सीनि.डीईई/जी/रायपुर कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें । मैनुअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे और यदि मैनुअल ऑफर्स प्राप्त होता है तो वह निरस्त कर दिया जाएगा ।

वरि.मं.वि.अभि(जी)
पीआर/आर/सी.डीईई(जी)/एन/15 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

संपादकीय

# केजरीवाल का स्वास्थ्य राजनीति का विषय

**अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ्य** राजनीति का विषय बन गया है। इससे राजनीति की इस स्तर तक गिरावट स्पष्ट है जहां राजनीतिक लाभ के लिए जीवन को दांव पर लगाया जा सकता है। राजनीति के क्षेत्र में प्रशासन और जन-कल्याण को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए, लेकिन यहां यह परेशान करने वाली प्रवृत्ति उभर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित घटनायें इस प्रवृत्ति का उदाहरण हैं। यहां स्वास्थ्य संकट एक प्रकार से 'नायकत्व' का प्रतीक बन गया है और स्वास्थ्य समस्याओं को संबोधित करने के बजाय यह संकुचित राजनीतिक विमर्श विकसित करने के काम आ रहा है। प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल जानबूझ कर उच्च शर्करा वाला भोजन ले रहे हैं ताकि अपनी जमानत का आधार तैयार कर सकें। लेकिन केजरीवाल की सहयोगी आतिशी ने इसे खारिज करते हुए आरोप लगाया है कि जेल में बंद मुख्यमंत्री को आवश्यक इंसुलिन तथा घर में बने खाने से वंचित करने के लिए एक षडयंत्र किया गया है जिससे उनका जीवन भी संकट में पड़ सकता है। दोनों दावे एकदम विपरीत होने के बावजूद स्वास्थ्य संकट का राजनीतीकरण रेखांकित करते हैं। सत्ता की राजनीति में जहां नैतिकता को पीछे छोड़ दिया जाता है, अब मानव जीवन की पवित्रता की भी अनदेखी होने लगी है। ऐसे में किसी व्यक्ति की बेहतरी के बजाय संकुचित लाभ के लिए उसके संकटों का लाभ उठाया जा रहा है। ऐसा विमर्श न केवल राजनीतिक विमर्श की निष्ठा पर, बल्कि प्रशासन से जुड़े लोगों की नैतिकता पर भी गंभीर सवाल उठाता है। ईडी ने जोर दिया है कि केजरीवाल जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से छेड़छाड़ कर रहे हैं ताकि उसका कानूनी लाभ उठाया जा सके। इससे पता चलता है कि कोई राजनेता अपने विरोधियों को बदनाम करने के लिए किस सीमा तक गिर सकता है। इससे वह संस्कृति रेखांकित होती है जहां लोगों के व्यक्तिगत संघर्षों को राजनीतिक लाभ के लिए हथियार बना दिया जाता है। इसके उलट, केजरीवाल का जीवन संकट में डालने के आतिशी के आरोपों से बेलगाम राजनीतिक लफ्फाजी के खतरनाक परिणाम रेखांकित होते हैं। यदि बिना किसी प्रमाण के हत्या के प्रयास के आरोप लगाए जाते हैं तो इससे न केवल अविश्वास के बीज उगते हैं, बल्कि ऐसे जघन्य अपराधों की गंभीरता भी कम होती है।

मुख्य रूप से 'केजरीवाल प्रकरण' राजनीति का गहरा संकट रेखांकित करता है जहां मानव गरिमा पर राजनीतिक सुविधा को वरीयता मिलती है। सत्ता और प्रभाव की अथक खोज में अक्सर निहित स्वार्थों की बलिवेदी पर मानव जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य बलिदान कर दिए जाते हैं। इस प्रकार संवेदना और गरिमा की कमी न केवल लोकतंत्र का ढांचा कमजोर करती है, बल्कि नागरिकों के मूलाधिकारों व स्वतंत्रताओं को भी खतरे में डालती है। मामले में सच और झूठ पर ज्यादा गौर किए बिना सभी लोगों की तरह केजरीवाल को भी सर्वोत्तम इलाज मिलना चाहिए, भले ही यह बीमारी स्वयं उनके द्वारा पैदा की गई हो। राजनीति के प्रति निष्ठा को बढ़ावा देने के लिए राजनेताओं को अपनी प्राथमिकतायें पुनः निर्धारित कर उनमें सद्भावना, निष्ठा तथा जवाबदेही को प्राथमिकता देनी चाहिए। व्यक्तियों के कल्याण को कभी 'राजनीतिक दांवपेंच' का आधार नहीं बनने देना चाहिए। राजनेताओं को हर नागरिक की गरिमा व बेहतरी के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए, भले ही उसका राजनीतिक जुड़ाव कुछ भी हो। 'केजरीवाल प्रकरण' मानवता को कुचल कर राजनीति करने के जोखिम की ओर संकेत करता है।

# सूकी की सुरक्षा पर संकट

## आंग सान सूकी की सुरक्षा पर ऐसे समय संकट मंडरा रहा है, जब म्यांमार में सैनिक शासक पराजय की कगार पर पहुंच गए हैं। भारत सरकार पूरे घटनाक्रम पर गहरी नजर रखे है।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



म्यांमार में लोकतांत्रिक चुनाव से निर्वाचित आंग सान सूकी के जेल में बंद होने या अपने ही घर में नजरबंद होने के बारे में अफवाहों का बाजार गर्म है। आंग सान सूकी की सुरक्षा पर ऐसे समय संकट मंडरा रहा है, जब म्यांमार में सैनिक शासक पराजय की कगार पर पहुंच गए हैं। न्यूज़ वेबसाइट 'द इरावडी' ने 'नैपीटा व यंगून में विश्वस्त सूत्रों' का संदर्भ देते हुए कहा है कि म्यांमार में लोकतांत्रिक संघर्ष की प्रतीक 78 वर्षीय आंग सान सूकी तथा देश की लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार के जेल में बंद 72 वर्षीय राष्ट्रपति विन मिंट जेल में बंद हैं। इनको 1 फरवरी, 2021 में हुए सैनिक विद्रोह के बाद सत्ता से हटा दिया गया था। वेबसाइट की उच्च स्तरीय विश्वसनीयता को देखते हुए यह बात वास्तव में सही हो सकती है। इस संबंध में उसके द्वारा दी गई खबर को भी विश्वसनीय माना जा रहा है। लेकिन 16 अप्रैल की दोपहर के बाद से स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, जब सरकार-समर्थक मीडिया ने कहा कि दोनों को नए ठिकाने पर ले जाया गया है।

इसके बाद सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जा मिन तुन ने वीओए व बीबीसी की बर्मा सेवाओं को बताया कि 'मौसम के बहुत अधिक गरम होने के कारण न केवल डा आंग सान सूकी और यू विन मिंट, बल्कि कुछ अन्य वृद्ध बंदियों की आवश्यक देखभाल की जा रही है।' लेकिन उसने यह नहीं बताया कि क्या सूकी को एक नए स्थान पर ले जाया गया है। जब मीडिया संगठनों ने ज्यादा सूचनाओं के लिए उन पर दबाव डाला तब भी उन्होंने कोई विस्तृत विवरण नहीं दिए। इस बात के कोई फोटोग्राफिक या अन्य प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं जिनमें उनको 'हाउस अरेस्ट' में ले जाने का विवरण मिलता हो। लेकिन इसके बावजूद स्थानीय व अंतरराष्ट्रीय स्रोत तथा खबरिया एजेंसियां उनके हाउस अरेस्ट के बारे में खबरें प्रसारित करते रहे।

लेकिन यह सच नहीं है। आंग सान सूकी के बेटे किम एरिस ने एक ब्रेकफास्ट इंटरव्यू के दौरान 'स्काई न्यूज़' के के बर्टले को बताया, 'वे हाउस अरेस्ट की बात करते हैं। लेकिन सूकी के पास केवल एक घर है और वे वहां नहीं हैं।' सैनिक शासक तथा उनके प्रवक्ता के रूप में काम करने वाली खबरिया एजेंसियों की अत्यधिक अविश्वसनीयता को देखते हुए यह भ्रम बना रहने की संभावना है। शायद दोनों जानबूझ कर इस बारे में भ्रम बने रहने देना चाहते हैं। यदि वास्तव में ऐसा है तो सवाल उठता है कि इस कृत्य के पीछे उनका क्या उद्देश्य है? इसका सर्वाधिक उपयुक्त जवाब यह छवि बनाना हो सकता है कि सैनिक शासक उनकी देखभाल कर रहे हैं। लेकिन ऐसा अचानक क्यों बताया जा रहा है? कुछ समय से खबरें आ रही थीं कि आंग सान सूकी जेल में बहुत बीमार हैं और सैनिक शासक उनको आवश्यक चिकित्सकीय सहायता नहीं दे रहे हैं। यह अनुमान भी लगाया जा रहा है कि सैनिक शासक सूकी की जेल में हत्या करवा कर यह दावा कर सकते हैं कि उनकी मौत वृद्धावस्था या अन्य किसी प्राकृतिक कारण से हो गई है।

जो भी हो, वर्तमान प्रकरण से स्पष्ट है कि जनरल यह छवि बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि यदि सुश्री सूकी के साथ कोई अवांछित घटना हो जाती है तो वे उसके जिम्मेदार नहीं होंगे। इसका एक और कारण सैनिक शासकों के बीच व्याप्त मतभेद हैं। ये मतभेद बढ़ रहे हैं और सैनिक शासकों का एक वर्ग सुश्री सूकी के साथ समझौता कर देश में व्याप्त गृह युद्ध समाप्त करवाना चाहता है। सैनिक शासक गृह युद्ध में लगातार पराजित हो रहे हैं और वे इस स्थिति से बाहर निकलना चाहते हैं। म्यांमार सेना का असली नाम टटमाडा के बजाय सिट-टैट है और वह निकट भविष्य में ही पराजित होने वाली है। विपक्षी 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' द्वारा 27 अक्टूबर, 2023 से छेड़े वर्तमान युद्ध में सरकारी सेनायें एक के बाद दूसरी पराजयों का सामना कर रही हैं। इस युद्ध को 'आपरेशन 1027' का नाम दिया गया है। सैनिक शासकों की नवीनतम पराजय 11 अप्रैल, 2024 को म्यावाडी को खो देना है जो एक महत्वपूर्ण सीमान्त कस्बा है। करेन नेशनल लिबरेशन आर्मी-केएनएलए व करेन नेशनल आर्मी के हाथों हुई यह पराजय सैनिक शासकों की सर्वाधिक अपमानजनक पराजय है, जबकि पराजयों का सिलसिला एलायंस के वर्तमान आपरेशन के बाद से ही शुरू हो गया था। म्यावाडी म्यांमार के पूर्वी सिरे पर थाईलैंड की सीमा के निकट प्रमुख व्यापार केन्द्र है। यहां से होकर गुजरने वाला कुल आयात और निर्यात 2023 में 1 बिलियन डालर था। इसे दक्षिण-पूर्व आशियान देशों के लिए म्यांमार का प्रवेश द्वार भी माना जाता है।

बताया जाता है कि म्यांमार के सैनिक शासक एक जवाबी युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहे हैं। अभी यह तय नहीं है कि इसकी शुरुआत होगी। यह भी देखना होगा कि यदि ऐसा कोई जवाबी युद्ध शुरू हो जाता है तो भी वह किस सीमा तक सफल होगा। लेकिन यदि यह सफल हो जाता है तो भी आशंका है कि क्या सिट-टैट शहर पर फिर कब्जा करने के बाद इसका कब्जा अपने पास बनाए रखने में सफल होगा। लेकिन इन सबके बावजूद केवल यह एक युद्ध व्यापक रूप से चल रहे गृह युद्ध में कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभा सकेगा। वर्तमान समय में म्यांमार के सैनिक शासक एक व्यापक जन-विद्रोह का सामना कर रहे हैं। अपने मौजूदा चरण में गृह युद्ध पूरी तरह विद्रोही सैनिक एलायंस के पक्ष में है। इस एलायंस में उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए की प्रमुख भूमिका है। म्यांमार के सैनिक शासक के खिलाफ एलायंस में शान राज्य में सक्रिया टांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए तथा देश के पश्चिमी भाग में राखीन राज्य में सक्रिय अराकान आर्मी-एए भी शामिल हैं। म्यांमार में सैनिक शासक के खिलाफ जन-विद्रोह में शामिल विभिन्न राष्ट्रीय मुक्ति सेनाओं के बीच निकट समन्वय स्थापित है। म्यांमार की अपदस्थ लोकतांत्रिक सरकार ने एक निर्वासित सरकार बनाई है तथा उसकी सशस्त्र शाखा भी सैनिक शासन के खिलाफ जन-विद्रोह व विभिन्न सैनिक गतिविधियों में समन्वय बनाने का प्रमुख काम कर रही है। विपक्षी सरकार की सैनिक शाखा पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ म्यांमार के सैनिक शासन के खिलाफ सक्रिय अनेक नस्ली सेनाओं के साथ ही केएनएलए व केएलए के साथ समन्वय बना रही है।

म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ चल रहे व्यापक व तेज गृह युद्ध की स्थितियों पर गौर करें तो अनेक चीजें स्पष्ट होती हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार वर्तमान समय में एए ने देश के पूरे राखीन राज्य पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया है। 1 अप्रैल तक उसने सैनिक शासकों द्वारा संचालित सेना सिट-टैट के 170 शिविरों और चौकियों पर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही उसने सरकारी सेना के अनेक बड़े अड्डों, बटालियन मुख्यालयों तथा प्रशिक्षण सुविधाओं पर भी कब्जा कर लिया है। अत्यधिक महत्वपूर्ण रूप से अराकान आर्मी-एए ने 15 जनवरी, 2024 को पलेटवा के महत्वपूर्ण कस्बे पर कब्जा कर लिया था। यहां चीन एक बंदरगाह तथा 1,600 हेक्टर क्षेत्र में फैले विशेष आर्थिक क्षेत्र का विकास कर रहा था।

एए के कब्जे के बाद अब चीन की इन परियोजनाओं का निर्माण असंभव हो गया है। चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से म्यांमार में लोकतांत्रिक सत्ता का तख्ता उलटने तथा आंग सान सूकी की गिरफ्तारी के बाद से ही म्यांमार के सैनिक शासक का समर्थन कर रहा है और देश के विशाल भूभाग पर अपनी विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कब्जा करना चाहता है। चीन की इस विशाल परियोजना को गहरा धक्का देने के साथ ही अराकान आर्मी सितवे पर भारी दबाव डाल रही है। सितवे एक महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर है। एए ने पहले इस महत्वपूर्ण कस्बे के आसपास बसे छोटे महत्वपूर्ण शहरों पर कब्जा किया और सड़कों तथा जलमार्गों के माध्यम से सितवे तक पहुंच को काट दिया है। म्यांमार में जारी गृह युद्ध को देखते हुए भारत ने अप्रैल, 2024 की शुरुआत में ही यंगून से अपने कौंसुलेट कर्मचारियों को हटा दिया था।

पहले यह सोचा जाता था कि अपरिहार्य होने के बावजूद म्यांमार के सैनिक शासन का पतन होने में लंबा समय लगेगा। लेकिन अब ऐसा लगता है कि म्यांमार सैनिक शासन का पतन अनुमानित समय के बहुत पहले ही हो जाएगा। भारत ने हमेशा म्यांमार में लोकतांत्रिक सरकार तथा वहां लोकतांत्रिक संघर्ष की प्रतीक आंग सान सूकी का समर्थन किया है। ऐसे में भारत सरकार की स्वाभाविक रूप से म्यांमार में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर नजर है।

# प्लास्टिक से भी ज्यादा खतरनाक माइक्रोप्लास्टिक



**डॉ सुशील द्विवेदी**
(लेखक, पर्यावरण मामलों के जानकार हैं)

पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन पृथ्वी और इसके पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसकी सुरक्षा के लिए कार्रवाई करने का प्रतीक है। पहला पृथ्वी दिवस मनाने की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिकी सीनेटर गेराल्ड नेल्सन ने की जिसमें लगभग दो करोड़ अमेरिकियों ने पृथ्वी दिवस के पहले आयोजन में हिस्सा लिया था.तब से हर साल पृथ्वी दिवस का आयोजन एक विशेष थीम के साथ 22 अप्रैल को होता आ रहा है इस वर्ष 2024 की थीम, गृह बनाम प्लास्टिक है। इस थीम, के साथ अर्थ दिवस मनाने का उद्देश्य मानव और ग्रह स्वास्थ्य के लिए प्लास्टिक प्रदूषण के नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। पिछले वर्षों मैं पृथ्वी दिवस की थीम के रूप मैं जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा से लेकर प्रजातियों की रक्षा और वृक्षारोपण के लाभों तक कई पर्यावरणीय मुद्दों को शामिल किया जा चुका है। इस वर्ष की थीम, गृह बनाम प्लास्टिक, इसलिए और भी प्रासांगिक है क्योंकि प्लास्टिक पर 2024 के अंत तक एक ऐतिहासिक संयुक्त राष्ट्र संधि हेतु दुनिया के देशों की सहमति होने की उम्मीद है।प्लास्टिक को लेकर ब्रिटेन सहित दुनिया के 50 से अधिक देशों ने 2040 तक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का आह्वान किया है ।

धरती पर आज इन्सान प्लास्टिक से बुरी तरह घिर चुका है वह प्लास्टिक खा रहा है , पी रहा है और पहन भी रहा है जहां इसने हमें आगे बढ़ने का रास्ता दिया, पर साथ ही यह अपने साथ अनेको समस्याएं भी साथ लाया। उन्हीं में से एक इसके प्रदूषण की समस्या है। दुनिया के सामने यह समस्या कोई नयी नहीं है, काफी समय से हम इसके बढ़ते प्रदूषण से जूझ रहे हैं। यह न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। आज हम हर साल करीब 30 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा फैला रहे हैं, जो कि सम्पूर्ण मानव जाति के भार के बराबर है। आज दुनिया भर के लिए अब प्लास्टिक एक बड़ा सिरदर्द बन चुका है। समुद्र की गहराई से लेकर पहाड़ की चोटियों तक इंसान ने प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़ों से ग्रह को पाट दिया है अगर आप अपने आसपास नज़र दौड़ाएंगे तो आपको प्लास्टिक की कई सारी चीज़ें नज़र आएंगी. ऐसी ही चीज़ों के बारीक़ टुकड़े जब बहुत छोटे आकार में टूट जाते हैं तो उन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है. *आमतौर पर पाँच मिलीमीटर से छोटे टुकड़े माइक्रो प्लास्टिक कहलाते हैं. कुछ टुकड़े इससे भी छोटे होते हैं, जिन्हें नैनो स्केल में ही मापा जा सकता है. उन्हें नैनो प्लास्टिक कहा जाता है। ये प्लास्टिक के बारीक-महीन कण, हर उस चीज में पहुंच रहे हैं जो हम खाते हैं और जिसमें हम सांस लेते हैं. ऐसा अनुमान है कि इस पृथ्वी पर मौजूद हर एक व्यक्ति औसतन हर साल 50 हजार से ज़्यादा प्लास्टिक कणों का उपभोग करता है, और अगर इसमें सांसों के जरिए हमारे भीतर पहुंचने वाले कणों को भी शामिल कर लिया जाए, तो इनकी संख्या और भी बढ़ जाती है। जब कभी हम यात्रा कर रहे हों या ऐसी जगह हो, जहां साफ पानी न मिल पाए, वहां हमारी कोशिश रहती है कि बोलतबंद पानी मिल जाए। हम यह मानते हैं कि इस पानी में गंदगी नहीं होंगी. लेकिन इस पानी के अंदर माइक्रोप्लास्टिक यानी प्लास्टिक के असंख्य महीन कण हो सकते हैं। आज धरती पर धरती पर रहने वाला हर एक व्यक्ति कम से कम 5 ग्राम अर्थात एक क्रेडिट या डेबिट कार्ड के भार जितना प्लास्टिक पानी से , खाने से या माइक्रोप्लास्टिक युक्त हवा से अपने शरीर मैं ले रहा है। पीने का साफ़ पानी हम सभी की बुनियादी ज़रूरतों में से एक है। आईआईटी पटना के एक शोध में बारिश के पानी में भी माइक्रोप्लास्टिक कण मिले थे. इसी तरह एक अन्य शोध में पाया गया कि भारत में ताज़ा पानी की नदियों और झीलों तक में माइक्रोप्लास्टिक मिल रहा है। इनमें फ़ाइबर, छोटे टुकड़े और फ़ोम शामिल हैं। इस शोध के मुताबिक, फैक्ट्रियों से निकलने वाले गंदे पानी और शहरी इलाक़ों से निकलने वाले प्लास्टिक वेस्ट जैसे कई कारणों से ये हालात बने हैं। माइक्रो प्लास्टिक पानी के अलावा यह उस जमीन में भी बहुतायत में पाए जाने लगे हैं, जहां खेती होती है। अमेरिका में साल 2022 में एक पड़ताल की गई थी. इसके मुताबिक़, सीवर की जिस गाद को वहां फसलों के लिए खाद के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, उसमें माइक्रोप्लास्टिक होने के कारण 80 हज़ार वर्ग किलोमीटर खेती योग्य जमीन दूषित हो गई थी। इस गाद में माइक्रोप्लास्टिक्स के अलावा, कुछ ऐसे केमिकल भी थे, जो कभी विघटित नहीं होते यानी उसी अवस्था में बने रहते हैं.वहीं, ब्रिटेन में कार्डिफ़ यूनिवर्सिटी ने पाया था कि यूरोप में हर साल खेती वाली जमीन में खरबों माइक्रोप्लास्टिक कण मिल रहे हैं जो हर निवाले के साथ लोगों के शरीर के अंदर पहुंच रहे हैं। कुछ पौधे ऐसे हैं, जिनमें बाक़ियों की तुलना में माइक्रोप्लास्टिक ज्यादा होता है.दरअसल, *कुछ शोध बताते हैं कि जड़ों वाली सब्ज़ियों में माइक्रोप्लास्टिक ज़्यादा पाए जाते हैं. यानी पत्ते वाली सब्जियों में कम माइक्रोप्लास्टिक होंगे, जबकि मूली और गाजर जैसी सब्ज़ियों में ज्यादा देखे गए हैं। वैज्ञानिकों ने हाल ही में शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी की पहचान की है, संभावना है कि इंसान वर्षों से प्लास्टिक के छोटे कण को खा रहे हैं, पी रहे हैं या सांस के जरिए शरीर में ले रहे हैं। हालांकि मनुष्यों पर स्वास्थ्य अध्ययन अभी तक विकसित नहीं हुए हैं, कुछ जानवरों में विषाक्तता चिंताओं को पुष्ट करती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, रिवरसाइड द्वारा किए एक नए अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक में मौजूद हानिकारक केमिकल्स अगली दो पीढ़ियों में मेटाबॉलिक डिजीज का कारण बन सकते हैं।माइक्रोप्लास्टिक के ख़तरों को लेकर अभी सीमित शोध सामने आए हैं. कुछ शोध ऐसे भी हैं कि ये हमारे एंडोक्राइन ग्रंथियों (हारमोन पैदा करने वाली ग्रंथियों) के काम में समस्या पैदा करती हैं. हो सकता है भविष्य में पता चले कि माइक्रोप्लास्टिक बहुत गंभीर नुक़सान कर सकते हैं, इसलिए अभी से सजग रहने की ज़रूरत है। हर दिन ऐसे नए अध्ययन सामने आ रहे हैं जिनमें इनके इंसानों और अन्य जीवों के स्वास्थ्य पर पड़ते दुष्प्रभाव उजागर हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इस समस्या से निपटने के लिए उपलब्ध विज्ञान और समाधानों के मद्देनज़र, देशों की सरकारों, कम्पनियों और अन्य हितधारकों से, इस संकट को सुलझाने के लिए कार्रवाई की गति और दायरा बढ़ाने होंगे. आज प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने या प्लास्टिक के विकल्प के रूप मैं अन्य प्रकृति हितैषी वस्तुओं का इस्तेमाल करने की जरूरत है इस पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी और प्लास्टिक के 100 साल पुराने रिश्ते को अलविदा कहने के बारे मैं गंभीरता से विचार करके कदम उठाना होगा। पृथ्वी दिवस पर आप छोटे छोटे काम करके पृथ्वी को बचाने में जैसे महत्पूर्ण योगदान दे सकते हैं। प्लास्टिक का उपयोग कम करें, कपड़े के थैले का उपयोग करें और पुनः प्रयोज्य पानी की बोतल लें। ऊर्जा को बचाने का काम करें। इसके लिए जरूरी है बत्तियां बंद करें और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग करें। जब आप उनका उपयोग नहीं कर रहे हों। पानी जीवन के लिए बहुत ज़रुरी हैं, इसलिए पानी बचाएं इसके लिए आप कम समय तक शॉवर लें और नल को बंद कर दें। साथ ही न पौधे लगाएं और पेड़ों की रक्षा करें बल्कि तीज त्योहार जन्मदिन शादी की वर्षगांठ व अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर हरे भरे पौधे लोगों को भेंट मैं दें।

## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

### यात्री सुविधा

**रेलवे** ने मनपसंद सीट पाने के लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है ताकि हवाईजहाज और सिनेमा की तरह रेलयात्री भी अपनी सीट बुक करवा सकें। लेकिन हर ट्रेन में सीमित सामान्य बोगियों के कारण इस श्रेणी के यात्रियों को बहुत ही कष्टमय यात्रा करनी पड़ती है। कम दूरी की बात छोड़ें किन्तु लम्बी दूरी की यात्रा तो और भी अधिक दिक्कत भरी हो जाती है। सामान्य बोगियों में पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती तब बैठकर सुकून से यात्रा करना तो उनके लिए दूभर सपना बन जाता है। अत्याधुनिक और सुविधाजनक ट्रेनें बेशक रेलवे चलाये किन्तु सामान्य श्रेणी के यात्रियों के बारे में भी सोचे ताकि उनकी दुखभरी यात्रा में थोड़ा सुकून आ सके। हालांकि, आधुनिक रेलें हमारे विकास की प्रतीक हैं परन्तु विकास का लाभ सबको मिलना चाहिए, फिर चाहे वह कम पैसे खर्च करने वाला सामान्य यात्री ही क्यों न हो। रेलें आम जनता की यात्रा का आज भी प्रमुख साधन हैं। अतः तुलनात्मक रूप से अमीरों की तुलना में गरीब व सामान्य रेल यात्रियों को कम से कम मानवीय ढंग से यात्रा करने का अवसर मिलना चाहिए। गरीबों की यात्रा को विशिष्ट सेवायें प्राप्त करने वाले अमीरों से प्राप्त धनराशि या माल भाड़े की आमदनी से फाइनेंस करने पर भी विचार किया जाना चाहिए। यह सरकार का दायित्व भी है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### फर्जी मतदाता

**निर्वाचन आयोग** ने हैदराबाद जिले की मतदाता सूची से 5.41 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। इस जिले में 15 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सूची से मतदाताओं के नाम हटाने का कारण उनकी मौत होना, निवास बदलना और दो बार नाम दर्ज होना है। इस प्रकार यह सारे के सारे मतदाता फर्जी थे। जब घर-घर जाकर वेरिफिकेशन किया गया तब पता चला कि यह सब तो डमी है। हैदराबाद की इस घटना से देश भर में फर्जी मतदाताओं की संख्या का अनुमान लगाया जा सकता है। अब आज निर्वाचन पद्धति में एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। ऐसे में पांच लाख से अधिक फर्जी मतदाता किसी भी हारने वाले उम्मीदवार को जिता सकते हैं और जीते हुए उम्मीदवार को हरा सकते हैं। हैदराबाद के इस प्रकरण को देखते हुए अब समय आ गया है कि वोटर आईडी को आधार कार्ड से जोड़ना अनिवार्य किया जाए और जो ऐसा नहीं करें उन्हें मतदान से वंचित रखने का सख्त नियम बनाया जाए। देश में लोकसभा, विधानसभा तथा स्थानीय निकायों के लिए समान मतदान सूची बनाना तथा उसे सार्वजनिक रूप से वेबसाइट पर उपलब्ध कराना जरूरी है। इसके साथ ही जनता को फर्जी मतदाताओं के बारे में जानकारी देने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### उपभोक्ताओं से ठगी

**दुनिया** भर के आम नागरिक बढ़ती महंगाई की मार सह रहे हैं। ऐसे में अनेक देशों के खाद्य एवं उपभोक्ता वस्तुओं के निर्माताओं ने ठकी की नई तरकीब निकाली है। ग्राहकों से बढ़े दाम लेने के बदले पुरानी कीमत पर डब्बाबंद चीजें दी जाती हैं, मगर उनका वजन कम कर दिया जाता है। इससे ग्राहकों को लगता है कि कीमत नहीं बढ़ी है, मगर उसे ये समझने में काफी समय लगता है के सामान का वजन कम कर उससे ज्यादा पैसे ले लिए गए हैं। फ्रांस ने इसे लेकर सख्त कानून बनाने का ऐलान किया है। वहां के वित्तमंत्री ने कहा कि 1 जुलाई से ऐसे मामलों के बारे में दुकानदारों को स्पष्ट रूप से अपने ग्राहकों को बताना होगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को उत्पादों के वास्तविक मूल्य विकास को समझना चाहिए। ऐसा ही नियम इस समय भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ताओं वाले देश में भी बनना चाहिए। पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में उपभोक्ता आंदोलन कमजोर रहा है। इसके साथ ही ऐसी स्वतंत्र एजेंसियों की बहुत कमी है जो अपनी आय के लिए विज्ञापनों पर निर्भर न हों तथा विभिन्न उत्पादों के निर्माण में आने वाले खर्च, उपभोक्ता से लिए जाने वाले मूल्य तथा उत्पादों की गुणवत्ता का तुलनात्मक अध्ययन कर जागरूकता फैलाएं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

# विकास के दावों ने तोड़ा दम, मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम मुन्देरा के ग्रामीण, चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान

## आजादी के 77 वर्ष बाद भी सड़क, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जूझ रहे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

विकास के नाम पर मंचों से जनप्रतिनिधि-प्रशासन भले ही कितना ही ढिंढोरा पीट ले लेकिन ग्राम पंचायत के अंतर्गत जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती नजर आ जाएगी। आजादी के 77 वर्ष बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग तरस रहे हैं। शासन-प्रशासन के जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है, इससे ग्रामीणों में आक्रोश भी बढ़ रहा है। जिसका प्रमुख कारण गांव का पिछड़ापन और सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण मुफलिसी की जिंदगी जीने पर मजबूर हैं। ग्रामीण लगातार अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर जनदर्शन से लेकर स्थानीय नेताओं तक के दरवाजे पर जा चुके हैं। मगर अब तक गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव नजर आ रहा है। जिस वजह से ग्रामीण परेशान है और इस बार यह ग्रामीण इस लोकसभा चुनाव में कुछ अलग करने की ठान चुके हैं। अलग यह कि ग्रामीण चुनाव बहिष्कार का मन बना चूके है। बालोद जिले के गुंडरदेही जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुन्देरा के ग्रामीण मूलभूत सुविधा जैसे पानी, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ से वंचित हो रहे है। और यह कोई समस्या आज कल की नही है। ग्रामीणों की माने तो यह समस्या 3 वर्ष से अधिक समय से है। अपनी समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन तक कई दफा दरवाजा खटखटाया जा चुका है, बावजूद आज तलक उनके समस्याओं को समाधान नही हुआ। मिला है तो सिर्फ आश्वासन। अब ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का मन बना लिया हैं। और कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन भी सौपा हैं। बता दे कि ग्राम पंचायत मुन्देरा में 1 हजार 980 जनसँख्या है, और यहां मतदाता 1 हजार 588 है।



### सड़क मार्ग में पैदल चलना भी हुआ दुर्भर

दरअसल ग्राम मुन्देरा में ग्रामीणों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम तवेरा से मुन्देरा तक पहुंचने वाली प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत वाला मार्ग बेहद जर्जर है। जहां आए दिन दुर्घटना होती रहती है। आलम यह है इस मार्ग में ग्रामीणों में पैदल चलना भी दुर्भर हो गया हैं। वहीं नल जल योजना के तहत लगाए गए टंकी का निर्माण पिछले 1 साल से चल ही रहा है। जो आज तलक पूरा नही हुआ है। बीते एक वर्ष से पानी टंकी निर्माण अधूरा पड़ा है। लेकिन अब तक इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। गांव के अंदर सीसी रोड नहीं है। ग्रामीण बच्चों के लिए खेलने के लिए मैदान नहीं है। सरकारी भवन जर्जर हो चुका है। स्वास्थ्य की सुविधा पर्याप्त नहीं मिल पा रही है। इन तमाम सुविधाओं के लिए ग्रामीणों ने कई बार कलेक्टर जनदर्शन और स्थानीय नेताओं को अवगत कराया है। मगर अब तक उनकी सुनवाई नहीं हुई। जिस वजह से यह पूरा गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आने लगा है।



■ गांव की सबसे बड़ी समस्या नलजल व सड़क है, सड़क पूरा जर्जर हो चुका है, पांच साल से मांग कर रहे है, समस्या को लेकर विधायक के पास भी गुहार लगा चुके है, उनसे खाली आश्वासन ही मिल रहा है, पानी टँकी गांव में बन रहा है लेकिन अभी तक गांव वालों को हर घर नलजल योजना के अंतर्गत पानी नही मिल रहा है, गांव में पानी की बड़ी समस्या है, इन समस्याओं को लेकर जनदर्शन में भी आवेदन लगा चुके है, जिसके बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नही हो रही है। जिसको लेकर सभी ग्रामवासियों द्वारा निर्णय लेकर लोकसभा चुनाव को बहिष्कार करने का निर्णय लिए है।

-**सुरजभान साहू,** ग्राम मुन्देरा



■ पीछे तीन चार सालों से सड़क की समस्या को लेकर जनदर्शन में कलेक्टर महोदय को आवेदन कर रहे है, वही पानी की समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द पानी टँकी निर्माण करने की मांग कर रहे है, पानी टँकी दो सालों से अधर में है, इन सभी समस्याओं को देखते हुए पूरे ग्रामीणों द्वारा लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने निर्णय लिए है।

-**कमेलश साहू,** सरपँच, ग्राम पंचायत मुंदेरा



■ गाँव की मुख्य समस्या पानी व सड़क की है, सड़के जर्जर हो चुकी है, अभी गर्मी का सीजन चल रहा है, जिससे पानी की भी समस्या होने लगी है, गांव में पानी का जलस्तर नीचे चले जाने से हैण्ड पंप व बोर से पानी निकलना बंद हो गया है, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

-**उमा ठाकुर,** महिला ग्रामीण



■ खलारी से तवेरा मुख्य मार्ग अति जर्जर हो चुका है, रात में लोगो को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ग्रामीण जर्जर सड़क में गिर कर कई ग्रामीण चोटिल हो चुके है, गांव में अभी सबसे बड़ी समस्या पानी की है, इन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया है कि इस बार लोकसभा चुनाव को बहिष्कार करने का निर्णय लिए है।

- **उत्तम सेन,** ग्रामीण



■ गांव में पानी व सड़क की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा लोकसभा चुनाव को बहिष्कृत करने का निर्णय लिया गया है, गांव में पानी की समस्या बहुत ही ज्यादा है, सड़को में बड़े बड़े गड्ढे हो चुके है। जिससे लोगो को चलने में काफी समस्या होती है।

-**धनेश्वरी बाई साहू,** महिला ग्रामीण

# जुआं खेलते 5 लोगों से 4,310 रुपए जब्त




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जुआ खेलते हुए पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ा साथ ही 4310 रुपए व्यक्ति किया गया इस संबंध में पुलिस से मेरी जानकारी के अनुसार देवर वीजा चौकी के अंतर्गत ग्राम निनवा में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर पुलिस चौकी देवरबीजा पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 05 जुआडियानो 1. रवि वर्मा उम्र 25 साल 2. नरेश निर्मलकर उम्र 55 साल 3. पूनाराम वर्मा उम्र 36 साल 4. दीनुराम निषाद उम्र 25 साल 5. मन्नु भट्ट उम्र 29 साल सभी साकिनान निनवा पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कायार्वाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 4,310/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक डी.एल. सोना, प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी, आरक्षक रमेश चंद्रवंशी, प्रवीण वर्मा एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय में नवमी एवं 11वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा मे सत्र 2023-24 की स्थानीय परीक्षा कक्षा 9 वीं एवं 11 वी का परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा प्रभारी डी आर साहू ने कक्षा एवं वर्ग वार परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेई ने संस्था के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी को बधाई देते हुए इस उपलब्धि के लिए छात्राओं,पालकों,शिक्षकों के समन्वित प्रयास की सराहना की। कक्षा 9वी का उत्तीर्ण प्रतिशत 84.89% एवं11 वी कला संकाय का 89.06%, विज्ञान का 90.29% रहा। कक्षा 9 वी मे ज्योति वर्मा ने 96.67% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया,दिव्या कोशले (96%) एवं योगिता साहू (95.61%) ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11 वी कला संकाय में मेघा भट्ट (87.20%),कविता (82.80%),चांदनी (81.4%),विज्ञान संकाय में योगिता वर्मा (89.2%),नीलम सोनवानी(88.6%),पायल कोशे (87.4%), वाणिज्य संकाय में डालेश्वरी साहू (91.8%),दुर्गा साहू (89.4%), तेजस्वी वर्मा (84.4%%) ने क्रमशः प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूरक परीक्षा 19/06/2024 से प्रारंभ होगी।



कार्यक्रम का संचालन पी एस राजपूत ने किया आभार व्यक्त प्रमोद ठाकुर ने किया। इस अवसर पर रवि शंकर श्रीवास्तव, विमल कोशिश, वीरेंद्र डौण्डे, गंगा बाई सहित बहुत से पालक गण उपस्थित थे। संस्था के व्याख्याता सुनील झा,नजीर अली,योगेन्द्र वर्मा, संतोष मिश्रा, रेखा सोनी,ज्योति परमार, हिरेंद्र साहू, पीला राम साहू, सविता शर्मा,सपना तिवारी, सुषमा राय, ऋचा मिश्रा, ऋचा दुबे, सोमा घोष,अराधना जोसेफ नेहाठाकुर,नरेन्द्र देवांगन, कौशल वर्मा, विद्यावती कोल्हे, राखी सोनी, प्रवीण मनहरे नीता गायकवाड़, मांडवी साहू एवं रेमन सिन्हा ने सभी सफ़ल विद्यार्थियों को अपनी हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बांध तालाब में नगर पालिका के द्वारा किया गया साफ-सफाई



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका बेमेतरा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक स्थित बांध तालाब में सफाई कार्य किया गया। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र उपाध्याय के निर्देशन में तालाब के अनुपयोगी पेड़ पौधे, गंदगी, जलकुंभी, गाजर घांस इत्यादि की सफाई किया गया। सफाई कार्य में नगर पालिका के कर्मचारी एवम वार्ड वासियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाकर तालाब की सफाई कर भारी मात्रा में तालाब से जलकुंभी गाजर घांस हटाया गया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा बताया गया कि भविष्य में तालाब में जल की गुणवत्ता हेतु फिटकरी डालकर प्रयास किया जावेगा । आगामी दिवसों में नगर के अन्य तालाबों में सफाई कार्य किया जावेगा ।

# भ्रष्टाचार पर भाजपा का भूपेश को पत्र सौम्या चौरसिया पर चुप्पी तोड़े भूपेश : भाजपा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, राम जी भारती व भाजपा नेता सियाराम साहू ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा है द्य पत्र में पूछा गया है कि सौम्या चौरसिया पर भूपेश बघेल मौन क्यो है? बार बार सौम्या चौरसिया की जमानत रद्द हो रही है वह आपकी उपसचिव रही है ऐसे में कैसे संभव है आप इस भ्रष्टाचार में संलिप्त नही है ।

पत्र में कहा गया है मान्यवर महोदय, सादर अभिवादन जैसा कि आपको विदित है, आपके शासनकाल में आपकी उप सचिव रही सौम्या चैरसिया पिछले 16 माह से गिरफ्तार है और माननीय न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका 16 अप्रैल, 2024 को एक बार फिर खारिज कर दी है। आपके मुख्यमंत्री रहते सौम्या चैरसिया आपकी उप सचिव थी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते गिरफ्तार की गई है, ऐसे में अब आपकी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि जनता के इस मुद्दे को लेकर उठ रहे सवालों को जवाब दें।

आपके मुख्यमंत्रित्व काल में आपकी उप सचिव सौम्या चैरसिया क्या आपके कहने पर वसूली करती थी? यह कैसे माना जाए कि भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में आपकी संलिप्तता नहीं है?

02 दिसंबर, 2022 को जब सौम्या चैरसिया की गिरफ्तारी हुई थी, तब आपने जोर-शोर से कहा था कि यह गिरफ्तारी गलत है, जबरन गिरफ्तारी की गई है और यह सरकार को बदनाम करने की साजिश है। अब जबकि पिछले 16 माह से सौम्या चैरसिया को जमानत तक नहीं मिल रही है, तब प्रदेश को आप बताएँ कि भ्रष्टाचार के इतने गंभीर मामले की आपने पैरवी क्यों की? अपनी उपसचिव सौम्या चैरसिया के मामले में आप अपना मौन तोड़े।

ये कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब प्रदेश की जनता आपसे चाहती है। मुझे विश्वास है कि आप मेरे पत्र को अन्यथा नहीं लेकर प्रदेश की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इन सवालों के जवाब देंगे।

# ज्योतिर्मयानंद : ब्रह्मचारी ने ग्रहण की दंड संन्यास दीक्षा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला के ग्राम सलधा स्थित सपाद लक्षेश्वर धाम के प्रभारी एवं जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य ज्योतिर्मयानंदः ब्रह्मचारी आज 45 वर्ष की आयु में चैत्र शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 2081 तद्नुसार दिनांक 21 अप्रैल 2024 वार रविवार को ब्रह्म मुहूर्त में गंगा घाट काशी में उत्तराम्नाय ज्योतिशपिठाधिश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती '1008' महाराज से दंड संन्यास की दीक्षा ग्रहण किये. अब आप स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती के नाम से जाने जाएंगे और आप शंकराचार्य परंपरा को समर्पित हुए. छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिला अंतर्गत बिरनपुर कला की पावन धरा में पौष कृष्ण दशमी विक्रम संवत



2036 को मां श्रीमती उर्वशी शुक्ला पिता भरत लाल शुक्ला के घर जन्मे बालक प्रभात का बचपन से ही धर्म ध्यान में रुचि रहा वर्ष 2001 में 21 वर्ष की आयु में गृह त्याग कर ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती के सानिध्य में काशी में संस्कृत, वेद, उपनिषद इत्यादि का अध्ययन कर शिक्षा ग्रहण किये, तत्पश्चात वर्ष 2010 हरिद्वार कुंभ में 30 वर्ष की आयु में ब्रह्मचारी दीक्षा ग्रहण ज्योतिर्मयानन्दः ब्रह्मचारी कहलाए. बेमेतरा कबीरधाम जिला समेत पूरे छत्तीसगढ़ अंचल एवं संप्रदाय में हर्ष एवं उल्लास का माहौल व्याप्त हो गया है. आपके सांसारिक जीवन के माता-पिता उर्वशी शुक्ला एवं भरत लाल शुक्ला कवर्धा निवास करते हैं मंझले भाई सुभाष शुक्ला तहसीलदार बेरला एवं छोटे भाई संदीप शुक्ला आरक्षक कबीरधाम पुलिस में कार्यरत हैं।

## हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी



**दल्लीराजहरा।** लौह नगरी दल्ली राजहरा में 23 अप्रैल को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर हनुमान मंदिरों में अनुष्ठान, पूजन और श्रृंगार किया जाएगा। हनुमान जयंती को लेकर मंदिरों में तैयारी जोर- शोर की जा रही है। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष शंकर साहू ने बताया कि हनुमान जी की शोभायात्रा 23 अप्रैल को चिखलाकसा से अपरान्ह 4 बजे निकलेगी। शोभायात्रा शाम 6 बजे गुप्ता चौक हनुमान मंदिर, पहुंचेगी, जहां हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। शोभायात्रा वहां से पुराना बाजार स्थित शीतला मंदिर पहुंचेगी, जहां समापन होगा।

## मोदी जी के नेतृत्व में सेना, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के साथ अंतरिक्ष में भी भारत अपना परचम लहरा रहा है : भावना

# देश की जनता को मोदी जी पर है पूर्ण विश्वास, अबकी बार 400 पार का लक्ष्य जरुर पूरा होगा : अरुण साव

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

रविवार को पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत ग्राम कोदवागोडान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशाल जनसभा में शामिल होने के बाद उपमुख्यमंत्री अरुण साव और पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा के ग्राम मोहतरा, महका एवं रूसे में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से भी भेंट कर संवाद किया और 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की।



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि देश की जनता को मोदी जी पर है पूर्ण विश्वास, अबकी बार 400 पार का लक्ष्य जरुर पूरा होगा। कांग्रेस के कुशासन में राजनांदगांव लोकसभा की जनता उपेक्षा और अपमान का बदला इस चुनाव में अपने मताधिकार से लेगी। कार्यकर्ताओं की मेहनत से विधानसभा चुनाव में ऐतिहासक जीत मिली है अब लोकसभा चुनाव में भी ऐसी ही धमाकेदार जीत दर्ज करनी है। पिछले पांच साल कांग्रेस शासनकाल में केंद्रीय योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा था, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की जनता को मोदी जी की योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो गया है। किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस प्रदान किया गया। सरकारी खर्च पर रामलला के दर्शन कराए जा रहे है। तेंदुपत्ता संग्राहकों चरण पादुका मिलना शुरू हो जाएगा। ये सभी भाजपा के सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य से पूरा हो रहा है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पिछले 5 वर्षो में छत्तीसगढ़ जिस कुशासन,अराजकता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंस रहा था उससे जनता भलीभांति परिचित थी और विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने मताधिकार से इसका जवाब दिया और छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय किया। आज महज 100 दिनों के अन्दर छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में जो अभूतपूर्व कार्य किये हैं वो छत्तीसगढ़ में फिर से खुशहाली और जनता की समृद्धि के लिए नए अवसर लेकर आएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राजनांदगांव लोकसभा के विकास और जन सुविधा के लिए कई विकास कार्यों की सौगात दी है। आवास योजना,उज्वला योजना, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के साथ ही वन्दे भारत एक्सप्रेस, डोंगरगढ़ मंदिर को प्रसाद

# प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज का कवर्धा जिले में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा अनंत के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माननीय दीपक बैज जी का कवर्धा आगमन पर श्रीमती सीमा अनंत महिला कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष के नेतृत्व में महिला टीम के माध्यम से स्वागत अभिनंदन किया उक्त अवसर पर अध्यक्ष के साथ पूर्व अध्यक्ष गंगोत्री योगी प्रदेश सचिव शेख़ अनवरी महामंत्री नारायणी टोंडर सहित महिला कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रही है राजनांदगाँव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जी के पक्ष में समर्थन जुटाने में पहुँचे बैज का महिला नेतृत्व के द्वारा स्वागत से खुशी



ज़ाहिर किया और चुनाव में ज़ोर शोर से जिलेभर के महिलाओं तक हमारी महत्वपूर्ण, योजना न्याय महालक्ष्मी जिसमें प्रत्येक गरीब महिला को सालाना एक लाख दिया जायेगा जिससे महिलायें आर्थिक सशक्त होंगी, युवाओं,के लिए पक्की नौकरी, किसानो की कर्ज माफ़ी, घोषणा पत्र जनता के अनुरूप बनाया गया है, हर वर्ग को लाभ पहुँचाने के दृष्टि से यह घोषणा पत्र है, आमजनता तक यही सब योजनाओं को पहुँचाने की भरपूर कोशिश करे, सांसद दीपक बैज नें सभी महिलाओ का अभिवादन करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तिल्दा में रेत की अवैध खनन एवं परिवहन हुआ तो अपराध दर्ज करने की मांग मीडिया कर्मियों ने उठाया है

पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में विगत कई वर्षों से गॉव के कुछ तस्कर रेत की अवैध खनन एवं परिवहन में लगते रहे हैं जिसके चलते गॉव की गलियां एवं पक्की सड़क पूरी तरह से खराब हो चुका है।रेत लोडिंग ट्रैक्टरो के चलने से गॉव गलियों में कई फ़ीट गढ्ढे हो गए जिसमें चलने में ग्रामीणों को बहुत परेशानी हो रही है।इसके अलावा रेत की अवैध खनन एवं परिवहन से राजश्व की नुकसान रोजाना होते रहा है। जिसकी भरपाई बेहद मुश्किल है। तिल्दा डोंगरीडीह पक्की सड़क आजादी के वर्षों बाद बना है जो खस्ताहाल हो रहा है।मीडिया कर्मियों ने जिला प्रशासन ,पुलिस प्रशासन ,छत्तीसगढ़ सरकार से मांग किये हैं कि तिल्दा में रेत की अवैध खनन करने वाले रेत तस्कर से लेकर रेत की अवैध परिवहन ट्रैक्टरो से करने वाले लोगों से लेकर रेत की चोरी में मजदूरी करने वाले मजदूरों पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई के अलावा कानूनी प्रक्रिया के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजने की मांग जोर पकड़ रहा है।निश्चित ही ऐसे कठोर नियम का पालन यदि जिला प्रशासन स्तर पर किये जाए तो पूर्णतः रेत की अवैध खनन, परिवहन काला बाजारी रुकेगा। इससे खनिज विभाग के कर्मचारियों को अतिरिक्त मेहनत ड्यूटी देकर करने की नौबत भी नहीं आएगी।यदि रेत तस्करी में सभी लोगों पर खनिज अधिनियम के अतिरिक्त एफआईआर थाना लवन में दर्ज होंगे तो उक्त कारोबार से जुड़े लोग स्वतः ही किनारे होते दिखेंगे ऐसा सूत्रों का कहना है।क्योंकि रेत तस्करी में लगे तस्कर रोजाना 6से 7 हजार अवैध रूप से कमा रहे हैं जो कभी कभार खनिज विभाग के हत्थे चढ़ भी जा रहे हैं तो जुर्माना देकर गाड़िया छुड़वा लेते हैं जिससे हौसले बुलंद हैं। यदि अपराध दर्ज हुआ तो निश्चित ही जेल की प्रक्रियाओ से तस्करों को गुजरना पड़ेगा जिससे तस्करी में लगे लोगों में डर का वातावरण निर्मित होगा।ग्रामीणों के अलावा मीडिया कर्मियों ने मांग किये हैं कि कार्रवाई की नियमों में कठोरता लाने की जरूरत है। सूत्रों का कहना है कि तस्करी में लगे लोग इतने शातिर है कि आवास योजना के नाम पर रेत निकाल रहे हैं कि बात बोलकर यदि तस्कर टोपी पहनाने की कोशिश कर रहा है तो सूक्ष्मता से जांच करने की भी आवश्यकता है इससे दुध और पानी अलग हो जाएगा।मीडिया कर्मियों में योगेश कुमार सिंघम सहित मीडिया कर्मियों ने जिला प्रशासन से मांग किये हैं कि तिल्दा के रेत तस्करों पर कानूनी शिकंजा भी कसा जाए।वहीं जिला खनिज अधिकारी ने मीडिया को बताया कि तिल्दा में रेत की अवैध खनन एवं परिवहन करते हुए कोई भी ट्रैक्टर पकड़ा जाएगा तो अधिनियम के तहत कार्रवाई के साथ इस बार थाना में तस्करी में जुड़े लोगों के खिलाफ अपराध भी दर्ज करवाएंगे।

# रहना है जो स्वस्थ तो, धरती को ना करो अस्वस्थ

## पेड़ बचाओ प्राण बचाओ

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com









मनेन्द्रगढ़ नगर के प्रसिद्ध विद्यालय दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह वर्धन के साथ मनाया अर्थ डे। साथ ही साथ धरती की रक्षा हमारा कर्तव्य है इसका संदेश भी दिया। प्री प्राइमरी के प्रभारिक शिक्षिकाओं ने अपने नन्हे नौनिहालों के साथ हरित दिवस का आयोजन किया जिसमें ध्यान रखा गया कि सभी कुछ हरे रंग में हो फल,सब्जी, छात्र छात्राएं आज हरे रंग के पोषक से सज्जित थे। छात्रों ने हरियाली के महत्व का संदेश देते हुए लघु नाटिका की, पौधे लगाए तथा कक्षा में कई तरह के अलग-अलग क्राफ्ट बनाएं। कक्षा पहली और दूसरी के छात्र-छात्राओं ने अंग्रेजी में कवितावाचन किया तथा साथ ही साथ बहुत ही सुंदर-सुंदर चित्रकारी द्वारा अर्थ डे के प्रति अपने विचार व्यक्त किए, तीसरी कक्षा के छात्राओं ने अपनी मातृभाषा हिंदी में कविता वाचन द्वारा अर्थ डे के प्रति अपने भाव को सबके समक्ष रखा। तो वही चौथी और पांचवी के छात्र-छात्राओं ने अर्थ डे से संबंधित पोस्टर बनाएं और अपने मन में उत्पन्न विचारों को नारा (स्लोगन) के रूप में फ्रेंच भाषा में लिखकर दर्शाया, इतना ही नहीं कक्षा छठवीं, सातवीं और आठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा एक जुलूस निकाला गया जिसमें छात्रों ने पर्यावरण को बचाने की शपथ ली और लोगों को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित भी किया। छठवीं के छात्र-छात्राओं ने " माइ सिटी प्रॉब्लम एंड सॉल्यूशन" पर अपने विचार चित्र द्वारा प्रस्तुत किया तो सातवीं के छात्र-छात्राओं ने इसी विषय पर निबंध लिखकर अपनी सोच का प्रदर्शन किया तो आठवीं के छात्र-छात्राओं ने अर्थ डे पर आयोजित वाद -विवाद में हिस्सा लेकर अपनी सकारात्मक सोच को सामने लाए।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में स्ट्रेस बस्टर इवनिंग जैमिंग सत्र का आयोजन








पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग ने अपने छात्रावास के छात्रों के लिए इवनिंग जैमिंग सेशन का आयोजन किया, जिससे परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को परीक्षा-तनाव से राहत मिली। इस कार्यक्रम को उल्लेखनीय प्रतिक्रिया मिली, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और संगीत समारोह का आनंद लिया। छात्र कल्याण प्रभारी अधिष्ठाता-लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर की विचारशील पहल के तहत, जैमिंग सत्र का उद्देश्य परीक्षा के दबाव और चिंता को कम करना था। कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए, लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर ने कहा, छात्रों को परीक्षा के दबावों के बीच ब्रेक लेना अत्यंत आवश्यक होता है। शाम के जैमिंग सत्र ने हमारे छात्रावास के छात्रों को आराम करने, मौज-मस्ती करने और संगीत के साथ जुड़ने का एक अवसर प्रदान किया। शाम का मुख्य आकर्षण अनुराग जेम्स (संगीत कलाकार) की मनमोहक संगीत प्रस्तुति थी, जिनके साथ प्रतिभाशाली छात्रों ने भी अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भावुक गानों से लेकर फुट-टैपिंग तालों तक, प्रदर्शनकर्ताओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और एक आनंद और एकजुटता का वातावरण बनाया। इस कार्यक्रम ने न केवल एक तनाव निवारक के रूप में कार्य किया, बल्कि छात्रों के बीच सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा दिया, जिससे शैक्षणिक वातावरण में समग्र कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कलिंगा विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, अभिषेक शर्मा - निदेशक-मार्केटिंग, डॉ. लिन्सी रॉय-उप रजिस्ट्रार और मानव संसाधन प्रमुख, राजेश सैनी-लेखा अधिकारी, सोनम दुबे - सहायक निदेशक-मार्केटिंग, आकांक्षा दुबे, सिमरन थिरानी, जगन मोहन, क्षितिज द्विवेदी, विशाल सिंह, हर्ष खरे, महेश साफी और अन्य ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

# सहायक डाक अधीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले में सहायक डाक अधीक्षक कोरबा जी.आर. देवांगन को बिलासपुर स्थानांतरित होने पर उप डाकघर भैसमा के अंतर्गत आने वाले सभी शाखा डाकघर एवं उप डाकघर मिलकर भैसमा उप डाकघर में विदाई दी गई।

सहायक डाक अधीक्षक को पहले प्रमोशन में जगह मिली थी। इसके पूर्व वे संभागीय उप निरीक्षक जमनीपाली में थे। वे इन स्थानों में रहकर सभी कर्मचारियों से टीम भावना लेकर काम लेते रहे एवं ऊपर आए लक्ष्य को पूरा कराए। उनका कार्यकाल इन क्षेत्रों में अच्छा रहा। कार्यक्रम में देवांगन को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। विदाई समारोह में उप डाकपाल भैसमा पुलसते, लिपिक विश्वकर्मा तथा सभी शाखा डाकपाल, सहायक शाखा डाकपाल, मेल ओव्हर सियर विक्रम सिंह एवं जीडीएस उपस्थित रहे।

## निर्वाचन ड्यूटी के दौरान नशाखोरी करने वाले उप अभियंता को चार्जशीट जारी

**रायगढ़।** स्थैतिक निगरानी दल में विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट के रूप में ड्यूटी के दौरान शराब सेवन करने वाले उप अभियंता को विभागीय जांच के संबंध में आरोप पत्र जारी किया गया है। चार्जशीट में 15 दिवस के भीतर आरोपों के संबंध में जवाब देने हेतु लेख किया गया है। केलो परियोजना निर्माण संभाग लाखा खरसिया के उप अभियंता हृदयानंद राम की ड्यूटी स्थैतिक निगरानी दल में विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट के रूप में चेक पोस्ट नाका बैसपाली, थाना कोतरा रोड विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18 खरसिया में लगाई गई थी, जिसमें 15 अप्रैल 2024 को ड्यूटी के दौरान शराब पीकर उपस्थित हुए थे। उप अभियंता हृदयानंद राम के शराब पीकर नशे की हालत पर ड्यूटी करने की शिकायत हुई थी। शिकायत के आधार पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देश पर किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में थाना प्रभारी कोतरारोड रायगढ़ द्वारा मुलाहिजा कराया गया। डाक्टरी परीक्षण रिपोर्ट में शराब सेवन करने की पुष्टि की गई है।

# किसान से रिश्वत लेते सहकारी बैंक के मैनेजर और कैशियर को एसीबी ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर द्वारा सोमवार को अमित दुबे, ब्रांच मैनेजर एवं आशुतोष तिवारी, कैशियर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या शाखा पाली को 5000 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। प्रार्थी रामनोहर यादव जो कि ग्राम धंवरा डोंगरी बतरा, जिला कोरबा का निवासी है । जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या0 शाखा पाली, जिला-कोरबा में उसके द्वारा बेचे गये धान का भुगतान, जो लगभग 5 लाख रू0 था, जिसके आहरण के लिये 7500 रू0 रिश्वत की मांग आरोपीगण अमित दुबे, ब्रांच मैनेजर एवं आशुतोष तिवारी, कैशियर द्वारा की गई थी। प्रार्थी द्वारा इसकी शिकायत एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर में की गई। शिकायत सत्यापन पश्चात् योजनाबद्ध तरीके से ट्रेप आयोजित किया। प्रार्थी आरोपीगण को रिश्वत देने के लिये बैंक कार्यालय गया जहां आरोपीगण द्वारा सावधानी बरतते हुए, रिश्वती रकम न लेते हुए, 5 लाख रू0 आहरण राशि से रिश्वती रकम 5000 रू0 काटकर प्रार्थी शेष राशि दी गई, जिस पर एसीबी0 की टीम द्वारा कार्यवाही कर कैशियर से रिश्वत की राशि बरामद की गई। घटना में दोनों आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने से दोनों ही आरोपियों के विरूद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथासंशोधित अधिनियम 2018) के मामला दर्ज करते हुए दोनो को गिरफ्तार किया गया है।

# 'घर आजा संगी मतदान करे बर' अभियान के तहत प्रवासी मजदूरों को मतदान करने किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने अनेक प्रयास किए जा रहे हैं इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के निर्देश पर प्रवासी मजदूरों को मतदान के श्रम विभाग द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। जिले के श्रमिकों को 'घर आजा संगी मतदान करे बर' अभियान के तहत वीडियो कॉल, वाईस कॉल के जरिए संपर्क कर मतदान के लिए विभाग द्वारा जागरूक किया जा रहा है। श्रम विभाग में पंजीकृत 39 हजार श्रमिकों से विभाग की टीम संपर्क कर मतदान के लिए आमंत्रित कर रही है। जिले में अब तक कुल 12 हजार 2 सौ 67 श्रमिकों को वीडियो और वाईस कॉल के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया गया है। श्रम विभाग द्वारा कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिले के ऐसे मजदूर जो अन्य राज्यों और जिलों में आजीविका के लिए गए हैं, उन्हे मतदान के लिए 'घर आजा संगी मतदान करे बर' अभियान के तहत वीडियो कॉल और वाईस कॉल के जरिए संपर्क कर मतदान का महत्व समझाया जा रहा है। श्रम विभाग द्वारा उन्हे मतदान के लिए अपने जिले आने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। सहायक श्रम आयुक्त रमेश प्रधान ने बताया कि विभाग की 10 सदस्यीय टीम इस काम में जुटी है और रोजाना 2 हजार श्रमिकों से संपर्क कर 7 मई मतदान दिवस पर श्रमिकों को घर आने का संदेश दे रही है। विभाग का लक्ष्य 39000 श्रमिकों से संपर्क कर उन्हें मतदान का संदेश देकर मतदान के लिए घर बुलाना है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत बिलासपुर जिले में 7 मई को मतदान दिवस निर्धारित है। जिले के वे मतदाता जो आजीविका अथवा अन्य कारणों से जिले से बाहर हैं। उन्हे मतदान दिवस के दिन जिले में आकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील कलेक्टर अवनीश शरण ने की है।

# बिजली की अनवरत बढ़ रही मांग-नहीं लगे नए संयंत्र

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



घरेलू बिजली के साथ लगातार राज्य में औद्योगिक व कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ रही हैं। पिछले पांच साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो औसतन प्रतिवर्ष 7.50 प्रतिशत बिजली की खपत में वृद्धि हो रही हैं। दूसरी ओर नए संयंत्र स्थापना में अभी देरी है। सर्वाधिक मांग मई माह में रहती है, पर इस बार अप्रैल माह में ही पीक अवर्स में अब तक 5,900 मेगावाट तक मांग पहुंच चुकी है। 6,200 मेगावाट तक बिजली की खपत पीक अवर्स में होने का अनुमान लगाया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी के पुरानी हो चुकी कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह (440 मेगावाट) संयंत्र को प्रदूषण अधिक होने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर वर्ष 2020 में बंद करना पड़ा था। इसकी भरपाई कंपनी अब तक नहीं कर सकी है। हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीपी) की 210-210 मेगावाट (कुल 840 मेगावाट) की चार इकाई के भरोसे कंपनी की नैय्या पार हो रही। एचटीपीपी में 660-660 मेगावाट की दो इकाई की स्थापना की जानी है। इसके लिए पर्यावरणीय जनसुनवाई भी हो चुकी है। कंपनी ने इस संयंत्र को वर्ष 2029 तक चालू करने का लक्ष्य रखा है, पर काम शुरू नहीं हो सका है। इसके अलावा प्रदेश में 7100 मेगावाट क्षमता के छह नए जल विद्युत संयंत्र लगाने की योजना तैयार की गई है, पर इसकी शुरुआत अभी तक नहीं हो सकी है। संभावना जताई जा रही है कि आचार संहिता खत्म होने के बाद एचटीपीपी व जल विद्युत संयंत्र स्थापना की प्रक्रिया आरंभ होगी।

## 22 अप्रैल से 15 जून तक स्कूलों में गर्मी छुट्टी घोषित

**रायगढ़।** वर्तमान में प्रदेश में पड रही भीषण गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य शासन द्वारा शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं हेतु घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुये, दिनांक 22 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश शिक्षकों हेतु लागू नहीं होगा तथा विभागीय समसंख्यक आदेश की शेष कण्डिकाएं यथावत रहेंगी।

# संगवारी केन्द्रों के मतदान दलों को मिला प्रशिक्षण, कलेक्टर ने सही जवाब देने वाले कर्मचारियों को दिए पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




लोकसभा चुनाव के लिए संगवारी महिला मतदान केंद्र में ड्यूटी वाले महिला कर्मचारियों को चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने मतदान की पूरी प्रक्रिया रोचक तरीके से समझाई। उन्होंने ईवीएम और वीवीपेट मशीन के बारे से सरलता से बताया और रोचक सवाल जवाब भी किए। कलेक्टर ने कहा कि हर कर्मचारी में कुछ कमियां कुछ खूबियां रहती हैं। हमें टीमवर्क के रूप में सबको साथ लेकर काम करना है। सब अपना बेस्ट एफर्ट दें, कहीं कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका को अच्छे तरीके से पढ़ लें। चुनाव संबंधी हर चीज के बारे में स्पष्ट मार्गदर्शन दिया हुआ है। उन्होंने ईवीएम मशीन की कमिश्निंग की जानकारी देते हुए बताया कि मशीन की तैयारी कैसे की जाए। कलेक्टर ने मशीनों के संबंध में महिला अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया। कलेक्टर ने महिला अधिकारियों से चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण टर्म जैसे ईवीएम, स्वीप, वीवीपेट का फुल फॉर्म क्या होता है, जैसे प्रश्न किए। सही जवाब देने वालों को कलेक्टर ने पुरस्कृत किया। उल्लेखनीय है की जिले में 96 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें हर विधानसभा क्षेत्र में 10 केंद्र केवल महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित होगा। इस प्रकार जिले की छह विधानसभा मिलाकर 60 संगवारी महिला मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस अवसर पर एसडीएम पीयूष तिवारी, तहसीलदार शशि भूषण सोनी, नायब तहसीलदार, नेहा विश्वकर्मा सहित मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे।

## डॉक्टर्स ने क्राउड फंडिंग के जरिए बनाई हॉरर-ड्रामा फिल्म दंतेला

# जल संरक्षण पर आधारित फिल्म दंतेला 21 जून से सिनेमाघरों में

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जल संरक्षण पर आधारित बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म दंतेला 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हॉरर-ड्रामा जॉनर की फिल्म दंतेला 5 अन्य भाषाओं हिंदी, ओडिया, भोजपुरी, तमिल और तेलुगु में बाद में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर रिलीज से पहले टीजर और गाने पूरे मध्य भारत में धमाल मचाए हुए है। फिल्म के गीत-संगीत ठेठ छत्तीसगढ़ी विधा में रचे गए हैं जो कि फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण है।कहानी सत्य घटना पर आधारित लोक कथा पर है जिसमें स्थानीय किवंदतियां पीढ़ी दर पीढ़ी कैसे अंधविश्वास का रूप ले लेती हैं इन्हीं की परतों को खोलते और सच्चाई सामने लाती है दंतेला। फिल्म के मूल में जल संरक्षण है जिसे लोगों को समझाने के लिए क्रिएटिव लिबर्टी फिल्म मेकर्स ने ली है और उम्दा सिनेमैटोग्राफी और कथानक से पेश की है। पहली बार किसी छत्तीसगढ़ी फिल्म में इतनी डिटेलिंग की गई है, फिर चाहे वह सूखा का दृश्य दिखाना हो या फिर 1942 के प्लॉट को। इस कारण फिल्म समीक्षक दंतेला को अभी से छत्तीसगढ़ी सिनेमा में एक मील का पत्थर मान रहे हैं क्योंकि अपने बेजोड़ टीजर और गाने के अलावे यह पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म है जो 6 भाषा में आएगी। अरिहान फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म दंतेला के लेखक व निर्देशक डॉ. शांतनु पाटनवार (शानू ) हैं। शानू का जन्म रायगढ़ में हुआ है और प्राथमिक शिक्षा भी कार्मेल स्कूल में हुई है। इनके पिता सिद्धेश्वर पाटनवार सिंचाई विभाग में इंजीनियर थे। शांतनु को बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर और बेस्ट डायलॉग राइटर का छत्तीसगढ़ी फिल्म अवार्ड मिला है। शानू ने 2021 में आई छत्तीसगढ़ी फिल्म कुरुक्षेत्र का निर्देशन किया था। केजीएफ2 के शूटिंग को देखने के लिए उन्हें विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। दंतेला की कहानी बलरामपुर के चरचरी गांव की है जहां फिल्म के कुछ हिस्से फिल्माए गए हैं बाकी फिल्म का ज्यादातर हिस्सा रायपुर के समीप खमतराई में शूट किया गया है। वहां चरचरी गांव को रिक्रिएट किया गया और सालभर की शूटिंग में दंतेला बनी। डॉक्टर्स की टीम ने क्राउड फंडिंग और अपनी बचत लगाकर फिल्म का निर्माण किया है। संभवतः यह देश की पहली फिल्म होगी जिसमें प्रोफेशनल डॉक्टर्स कैमरा थामे, संगीत देते, एक्टिंग करते व प्रोड्यूस करते नजर आ रहे हैं। फिल्म की पूरी टीम में छत्तीसगढ़िया लोग ही हैं सिर्फ लीड एक्ट्रेस राया डिंगोरिया मुंबई से हैं। इनके अलावा एक्टर विशाल, डॉ. राज दीवान, ज्योत्सना, वीना सेंद्रे, अनिल सिन्हा, अमन सागर प्रमुख भूमिका में हैं। अंकित काठले व रवि पटेल के संगीत ने फिल्म में स्थानीयता भरी है। ऋषभ सिंह ठाकुर ने फिल्म के कुछ गाने लिखे व कंपोज किए हैं। प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायक संतोष यादव ने अपनी दमदार आवाज दी है। डॉ. शांतनु ने भी फिल्म के गाने लिखे हैं। फिल्म के लेखक-डायरेक्टर डॉ. शांतनु पाटनवार कहते हैं कि दंतेला छत्तीसगढ़ी संस्कृति को समेटे हुए संपूर्ण फिल्म है। फिल्म के गीत और संगीत पारंपरिक हैं जिससे दर्शक चाहे सरगुजा का हो या जगदलपुर वह इनसे अपने आप को जरूर कनेक्ट करेगा। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रयोग जो हम अपने आसपास देखते हैं उसे बड़े पर्दे पर बजते और सुनते देखना सुखद अनुभव होगा। बिरहा, ददरिया के साथ रेट्रो, आइटम नंबर फिल्म में है जिसे सिचुएशन के अनुसार उपयोग किया गया है। हमने टाइप्ट सिनेमा मेकिंग नहीं की है। जो चीज वास्तव में जैसी दिखती है उसे वैसा ही पेश किया है। हमारे इसी प्रयोग को लोग कन्नड़ सिनेमैटोग्राफी से तुलना कर रहे हैं क्योंकि वहां भी ओरिजनल्स पर ही फोकस किया जाता है। हमने एक किंवदंती (लोक कथा) के मूल में जाकर उसे सामने लाया है। फिल्म के हर भाग पर सभी ने खूब मेहनत की है। टीजर और गाने को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। डॉक्टरी पेशे के साथ हम आने वाले दिनों में और फिल्में लाएंगें फिलहाल दंतेला के रिलीज पर हमारी निगाहें टिकी हैं।

**शूटिंग रही चुनौतीपूर्ण**-दंतेला की अधिकतर शूटिंग खमतराई में हुई। जहां बीते साल पारा 46 डिग्री पर कुछ दिन तक ठहर गया था। फिल्म में ठेठ ग्रामीण परिवेश को दिखाना था जहां के लोगों के पैर में चप्पल नहीं होते। नंगे पैर शूटिंग में सभी कलाकारों के पैरों में छाले पड़ गए। वहां पंखा भी काम नहीं कर रहा था। डिहाइड्रेशन का शिकार तो लगभग सभी हुए। फिर इसके बाद बारिश हुई तो हरियाली में सूखे के शॉट लेने में शूटिंग में देरी हुई और बजट भी बढ़ता गया। क्राउड फंडिंग से बन रही फिल्म में बजट की दिक्कत भी आई लेकिन टीम सभी पेरशानियों से धीरे-धीरे बाहर निकली। शूटिंग के बाद पोस्ट प्रोडक्शन पर काफी काम हुआ, जिसके कारण फिल्म की डिटेलिंग बेहतर हुई है।

**काली आवत हे लोगों की जुबां पर छाया-** वरात्रि में दंतेला का पहला गाना काली हावत हे को जारी किया गया। जारी होने के 3 दिन में ही 30 लाख से अधिक लोगों ने इसे देखा। प्रदेश के हर लोगों के मुंह पर यह गाना छा गया है। दूसरे राज्यों में भी इस गाने को टीजर के साथ काफी सराहना मिल रही है। इंस्टाग्राम पर इसके काफी रील वायरल हो रहे हैं। कई मंदिरों में यह गाना बज रहा है और रामनवमी की शोभायात्रा में भी काली आवत हे गाना ध्वनि विस्तारक यंत्रों व म्यूजिक टावर में खूब चला। गाना स्थानीय भाषा में होने के साथ स्थानीय संस्कृति के रस में डूबा हुआ है।

# प्राण प्रतिष्ठा शीतला मंदिर में नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू, 185 जड़ी बूटियों से होगा अभिषेक

## पुरानी प्रतिमा का हो रहा था क्षरण, जयपुर से मंगवाई गई मां शीतला की नई मूर्ति

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर की ग्राम देवी माता शीतला मंदिर में 22 से 24 अप्रैल तक तीन दिवसीय नूतन प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस मौके पर पहले दिन धीवर समाज की ओर से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बता दें कि दानीटोला स्थित शीतला माता मंदिर में पुरानी बावली के जीर्णोद्धार के समय प्राप्त शिलालेख से ज्ञात होता है कि बावली का निर्माण धीवर समाज द्वारा सावन सुदी पूर्णिमा शक संवत 1992 सन 1935 में कराया गया था। बावली निर्माण के काफी वर्ष पहले माता शीतला की स्थापना भी धीवर समाज की ओर से शहर में जनकल्याण के उद्देश्य से कराया गया था। समाज के वरिष्ठजनों का मानना है माता शीतला की शिला रूपी प्रतिमा 100 साल से भी अधिक पुरानी है। धीवर समाज के प्रदेश संरक्षक परमेश्वर फुटान, धमतरी परगना अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने बताया कि माता शीतला की प्राचीन ऐतिहासिक प्रतिमा में क्षरण



हो रहा था तथा शास्त्रों में खंडित प्रतिमा का पूजन किया जाना वर्जित है। प्रतिमा के मूल स्वरूप में क्षरण बढ़ रहा था। मान्यताओं तथा माता की मूलप्रतिमा पर भक्तों की आस्था को सुरक्षित रखते हुए धीवर समाज द्वारा माता शीतला की नवीन प्रतिमा के साथ ही भगवान शिवजी, माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय की नवीन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान पूर्वक कराने का निर्णय लिया गया। नई प्रतिमा जयपुर के मकराना से मंगाई जा रही है। यह मूर्ति संगमरमर की होगी। माता शीतला की प्रतिमा का 21 अप्रैल को धमतरी आगमन होगा एवं धीवर समाज द्वारा सायं 4 बजे घड़ी चौक से शीतला माता मंदिर तक कलश यात्रा देवयात्रा निकालकर माता को नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में परमेश्वर फुटान, होरीलाल मस्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा जगबेढहा, सोनूलाल नाग, फिरोज हिरवानी, यशवंत कोसरिया, कृष्णा हिरवानी, चेतन धरमगुडी, दिलीप धर्मागुड़ी, दुर्गेश रिगरी, आशा धीवर, संध्या हिरवानी, सावित्री धीवर,लेखराम नाग, लेखराज धर्मगुड़ी, सुंदर नाग, पवन हिरवानी,बलराम हिरवानी, वेनुका हिरवानी, रेणुका हिरवानी, खुबलाल धर्मगुड़ी, मोतीलाल धीवर समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आचार्य रामप्रताप शास्त्री कोविद संस्थापक श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ के सानिध्य में कार्यक्रम होगा।

**धार्मिक अनुष्ठान एक नजर में**-माता शीतला के अतिरिक्त शिवजी परिवार की नवीन प्रतिमाओं का प्राण.प्रतिष्ठा समारोह 22 से 24 अप्रैल तक संपन्न होगा। इसमें 22 अप्रैल को सुबह 9 से 1 बजे एवं सायं 4 से 6:30 बजे तक चतुर्वेद पारायण, स्थापना, अग्नि मंथन, नूतन मूर्ति का कर्मकुटी संस्कारए जलाधिवासए अन्नाधिवास, 23 अप्रैल को पंचवेदी पूजन, हनुमत अर्चन, हजार मोदक से सहस्त्रचिन अभिषेक, नूतन मूर्तियों, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, घृताधिवास, शर्कराधिवास, वस्त्राधिवास, शैयाधिवास पूजन होंगे। टाटानगर के सोनू शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, संगीत संध्या का आयोजन भी किया गया है।

# विहिप, बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा का आयोजन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल धमतरी द्वारा हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन कियां जा रहा है जिसमे समस्त जिले वासियों को आमंत्रण दिया गया है। शोभा यात्रा पुरानी मंडी हनुमान मंदिर से मां विंध्यवासिनी मन्दिर तक संचालित किया जाएगा। हनुमान जन्म उत्सव के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय कार्यकर्ताओं का भी जिले में आगमन हुआ। प्रांतीय अधिकारी विशेष सम्पर्क प्रमुख राहुल गुलाटी एवं मन्दिर प्रमुख नीतीश द्वारा जिला कार्यकारिणी की बैठक भी ली गई जिसमें उन्होंने जिले में विहिप और बजरंग दल की सक्रियता और कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने संगठन के संचालन हेतु कुछ विशेष टिप्स दिए और कहा की बजरंग दल का आचरण हनुमान जी के समान ही निडर, निर्भीक एवं साहसी बनने का है। जिलाध्यक्ष सन्दीप अग्रवाल द्वारा



उनके लगातार मार्गदर्शन की अपेक्षा की गई और जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर को संगठन में समन्वय बनाए रखने हेतु दिशा निर्देश दिया गया एवं प्रांतीय कार्यकारणी से लगातार संपर्क में रहकर नए नए नवाचार करने की बात कही जिससे सनातन का भगवा ध्वज समूचे जम्बूद्वीप, आर्यावर्त में लहराया जा सके। रामराज्य की स्थापना की जा सके। जिला मंत्री रामचन्द्र देवांगन को शासन एवम प्रशासन से समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। जिला सह संयोजक डाकेश्वर साहू को पूरे जिले में बजरंग बली की वानर सेना बनाने का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया। जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रान्त अधिकारी गुलाटी ने कहा सनातन संस्कृति, सनातन संस्कार, सनातन धर्म के रास्ते में आने वाले किसी भी प्रकार के अवरोध को जड से उखाड फेंकने की बात कही गई और मातृभूमि की रक्षा हेतु यदि प्राणों की भी आहुति देनी पडी तो पीछे नही हटना है, इस तरह की भावना प्रत्येक सनातनी कार्यकर्ताओं में जागृत करने कहा गया है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर करणी सेना परिवार द्वारा की जाएगी : खारुन गंगा महाआरती

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

23 अप्रैल 2024 7 मंगलवार को संध्या 05 बजे से चैत्र पूर्णिमा के दिन करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष तथा खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति के प्रमुख वीरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में बनारस की तर्ज पर महादेव घाट रायपुर दीपकों की रौशनी से जगमगा उठेगा और निरंतर क्रम में 18वीं बार की जाएगी खारुन गंगा महाआरती। यह महाआरती दिसंबर 2022 से शुरु होकर प्रत्येक महीने की पूर्णिमा को अबाध रूप से रायपुर के महादेव घाट में संपन्न होती आ रही है जिसमें प्रति माह बृहद संख्या में श्रद्धालु मन में आस्था और विश्वास लेकर माँ खारुन गंगा मैया और बाबा हटकेश्वर महादेव की वंदना के संकल्प के साथ



एकत्रित होते हैं। तोमर द्वारा आरंभ की गई यह परंपरा एक मासिक लोकपर्व के रूप में जन आकर्षण का केंद्र बन चुकी है जिसमें हर माह श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या इसके सफल होने का प्रमाण स्वयं प्रदर्शित करती है। इस माह भी तोमर ने अपनी पूरी टीम से साथ शहर भर के सनातनी श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि चैत्र पूर्णिमा की इस संध्या पर महादेव घाट में उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में खारुन गंगा महाआरती के लिए उपस्थित होवें और भारत की समस्त नदियों को स्वच्छ रखने के संकल्प के साथ पुण्यलाभ के भागी बनें।

# प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

## मेन्नोनाइट उमावि विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

मेन्नोनाइट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिन्दी के सभागार में प्रातः 9:30 बजे विद्यालय के प्राचार्य एच चौधरी के द्वारा कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वी एवं 11वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 91.66 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में कु. मेघना देवांगन 87.6 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, कला संकाय में अरूण कुमार 79.8 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान एवं वाणिज्य संकाय में कु. प्रीति चतुर्वेदी 88.6 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किये। इसी तरह कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 61.62 प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम कु. मानसी 90.3 प्रतिशत, द्वितीय कु. आस्था 83.6



प्रतिशत एवं कु. भूमिका 77 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान प्राप्त की है। वहीं माध्यमिक शाला में कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर सभागार में पालकगण, छात्र-छात्राओं का समुह एवं शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने कर्म पथ पर चलते रहने की प्रेरणा दिये ।

# सुहागा मंदिर धर्मशाला में कक्ष निर्माण हेतु विकास शर्मा ने दी, 2,51,000 रु.की दानराशि : ज्ञानेश शर्मा

**रायपुर।** सुहागा मंदिर धर्मशाला के जीर्णोद्धार के अनु म में कक्ष निर्माण हेतु समाज के एक और दानदाता ने 251000/की दान राशि प्रदान की है।यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट कमेटी के प्रमुख ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्राचीन मंदिरों में शामिल श्री राधा कृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सुहागा मंदिर ब्राह्मण पारा में समाज के दानदाताओं तथा विधायक निधि से छात्रावास का निर्माण किया गया था। जीर्णोद्धार के इसी अनु म में बन रहे धर्मशाला में कक्ष निर्माण हेतु निधि शर्मा की स्मृति में उनके पति विकास कुमार शर्मा निवासी ओम सोसायटी सुंदरनगर रायपुर द्वारा दो लाख इंक्यावन हजार रूपए की राशि दान स्वरूप प्रदान किया है। ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि कुछ दिनों पहले शीला मिश्रा ने भी दो लाख इंक्यावन हजार रूपए की राशि दान स्वरूप प्रदान किया है।ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों ने विकास शर्मा की दानवीरता के लिए आभार व्यक्त किया है।

## पुलिस प्रशासन बंटाची चाकू बाज़ी घटना पर अंकुश लगाये

**धमतरी।** पुलिस प्रशासन बंटाची चाकू बाज़ी घटना पर अंकुश लगाये। बसपा नेता आशीष रात्रे ने बिरेझर चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत हुए बारात में चाकूबाजी की घटना को शर्मनाक बताया और चाकूबाजी की घटनाएं शहर में होते थे लेकिन अब गांव गांव में चाकूबाजी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है।



पुलिस प्रशासन तत्काल इस पर ध्यान केंद्रित करें ताकि घटना की पुनरावृत्ति न हो। और ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई आम्स एक्ट के तहत् करने की मांग की।

# एयरटेल ने पेश किया दुनिया घूमने वाले ग्राहकों के लिए किफायती इंटरनेशनल रोमिंग पैक

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल ने आज विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफरु 133 प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफी किफायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त इन पैक्स के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24×7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है। इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल अपने यात्रा की अवधि चुननी होगी और एक ही पैक के माध्यम से वे दुनिया में कहीं भी बिना किसी रुकावट के कनेक्टिविटी का आनंद ले सकते हैं। अमित त्रिपाठी डायरेक्टर कस्टमर एक्सपीरियंस एंड मार्केटिंग भारती एयरटेल ने बताया, एयरटेल में, हमारा मिशन ग्राहकों की समस्याओं को हल करना और अधिक सुविधा प्रदान करना है। हमें किफायती और सरल इंटरनेशनल रोमिंग पैक लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है जो दुनिया में कहीं भी यात्रा करने वाले ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के रोमिंग सुविधा प्रदान करेंगे। ये पैक बेहतर लाभों के साथ अधिक मूल्य प्रदान करते हैं और कई देशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में काफी किफायती हैं। नया पैक क्रांतिकारी है।

# बारात में डीजे को लेकर मचा बवाल, गाना हुआ बंद तो चाकूओं से हुआ हमला, दो की मौत एक घायल, पुलिस जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले में दो लोगों की हत्या हो गई ये हत्या उस वक्त हुई जब बाराती और घराती बारात परघाने के दौरान नाच रहे थे। शादी के जश्न में डूबे थे इसी बीच डीजे बंद हो गया जिसे लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि किसी अज्ञात ने तीन लोगों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई,जबकि एक गंभीर रुप से घायल है जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक मामला धमतरी के बिरेझर चौकी क्षेत्र की है जहां ग्राम भैंसबोड़ में 21अप्रैल यानी बीते रात्रि रविवार को तिल्दा नेवरा क्षेत्र के ग्राम छतौद से ध्रुव परिवार बारात लेकर पहुंचा था तभी बारात परघाने और नाचने के बाजाए डीजे बंद, चालू करने को लेकर हुए विवाद के बाद झगड़ा शुरू हो गया। उसी दौरान किसी अज्ञात ने तीन लोगों पर चाकू से हमला कर



दिया जिसमें से बाराती राकेश कुमार ध्रुव 21 वर्ष पिता गजेंद्र कुमार ग्राम छतौद और रवि कुमार भैंसबोड़ की मौत हो गई वहीं एक बाराती हरिप्रेम निर्मलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम भैंसबोड़ निवासी योगेश कुमार ने अस्पताल पुलिस चौकी को बताया कि ग्राम छतौद से बारात भैंसबोड पहुंचे थे तभी करीब शाम 6 से 7 बजे के बीच बाराती अपने बाजा के धुन में नाच रहे थे। साथ में कुछ घराती और गांव के लोग भी डीजे में नाच रहे थे उसी दौरान नाचते हुए सभी लोग दुल्हन के घर के आसपास पहुंचे और डीजे धुमाल बंद हो गया जिसे लेकर विवाद शुरू हो गया और इतना बढ़ा कि किसी अज्ञात ने राकेश ध्रुव, रवि और हरिप्रेम पर चाकू से हमला कर दिया जिन्हें उपचार के लिए कुरूद और धमतरी अस्पताल पहुंचाया गया था जहां डॉक्टरों ने राकेश ध्रुव और रवि को मृत घोषित कर दिया इस पुरे मामले पर बिरेझर चौकी पुलिस जांच शुरु कर अज्ञात आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# दानवीर भामाशाह जयंती गौरव ग्राम कंडेल में धूमधाम से मनाया गया

- निशुल्क कोचिंग क्लास एवं कैरियर गाइडेंस ग्राम कंडेल में आयोजित होगा

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला साहू समाज धमतरी अध्यक्ष अवनेंद्र साहू के निर्देशानुसार झिरिया परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष डेरहू राम साहू के मार्गदर्शन में गौरव ग्राम कंडेल में निशुल्क कोचिंग क्लास एवं कैरियर गाइडेंस की जानकारी 5 मई से लगभग एक माह तक निशुल्क क्लास लगाई जाएगी। झिरिया परिक्षेत्र के 28 ग्रामों के कक्षा 11वीं और 12वीं के सभी विद्यार्थियों के लिए या सुनहरा अवसर है सभी जाति के विद्यार्थी अपना पंजीयन ग्रामीण अध्यक्ष के पास करा सकते हैं आसपास के विद्यालयों में पदस्थ व्याख्याता जो अलग.अलग विषयों के विशेषज्ञ होंगे वह अध्यापन कार्य कराएंगे तथा ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली, खेलकूद, कंप्यूटर एके बारे में जानकारी एवं




स्काउट गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रॉस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी व समय-समय पर जिला के अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन भी प्रदान किया जावेगा। इस परिपेक्ष में गौरव ग्राम कंडेल साहू समाज भवन में बैठक आहूत की गई थी व दानवीर भामाशाह जी जो साहू समाज के आराध्य व प्रेरणा स्त्रोत हैं उनकी जयंती पर पूजन अर्चन कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर परीक्षेत्रीय अध्यक्ष डेरहू राम साहूए अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू,कोषाध्यक्ष काशीराम साहू, सहसचिव मीनेश कुमार, संयुक्त सचिव डॉ रामेश्वर साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक चंद्रहास साहू, सचिव खोवा राम साहू, भूतपूर्व सैनिक व प्राचार्य देवपुर केपी साहू, धर्मेंद्र साहू शिक्षक, पवन साहू गोपेश साहू,जगदीश राम साहू, टिकेश्वर साहू , जगदीश राम साहू ए गौकर्ण साहू टिकेश्वर साहू ,गुलजारी साहू एवं वरिष्ठ समाजसेवी व माताएं उपस्थित थी।

## कहा श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है, भगवान का स्मरण सभी कष्टों का समाधान, भाजपा को वोट देने कि अपील की।

# श्रीराम कथा में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता बसना
www.dailypioneer.com

बसना अंचल के ग्राम बिछीया टाण्डा में त्रिदिवसीय अखण्ड रामायण पाठकथा एवं बोहारपार में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने आयोजन में शामिल होकर रामायण पुराण की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की तथा कथावाचक आशीष शर्मा एवं पंडित कान्हा का अंगवस्त्र व श्रीफल भेंट कर सम्मान किये। इस अवसर पर आयोजक समिति ने विधायक का फुलमाला पहनाकर स्वागत किया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। भगवान राम का जीवन हमारे समाज के



लिए एक आदर्श है। श्रीराम के जीवन के हर पहलू से एक नई सीख मिलती है। उनका जीवन हमारा सही मार्गदर्शन करता है। भगवान श्रीराम ने न केवल एक शिष्य के रूप में बल्कि एक पुत्र के रूप में,एक भाई के रूप में तथा एक राजा के रूप में समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन किया है। जीवन में आने वाली परेशानियों एवं कष्टों के निवारण के लिए सच्ची श्रद्धा के साथ भगवान का स्मरण करें और विद्वान एवं सिद्ध संत महात्माओं के दिखाए सत्य मार्ग का अनुसरण करें। उन्होंने आगे लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रुपकुमारी चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते मोदी सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताये। ग्राम बिछिया टांडा में आयोजित श्रीराम कथा के आयोजन के दौरान कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष सोहन बंजारा ने भाजपा प्रवेश किया,विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने भाजपा गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम बिछीया में जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जनपद सदस्य राजेश गडतिया, सरपंच रीना रानी गडतिया,मण्डल मंत्री गौरचंद्र प्रधान, हरजिंदर सिंह, प्रकाश सिन्हा, हरिचरण बंजारा, भोला बंजारा, टीकेलाल बंजारा, भोजराज बंजारा, सेतकुमार बंजारा, दुर्गा बंजारा, प्रमोद चौहान, संतोष डड़सेना, मनीषा नागवंशी, एकलव्य साहू, तुषार महंत आदि तो वहीं ग्राम बोहारपार में दिलीप साव, चमरा स्वर्णकार, अरुण स्वर्णकार, साहेब लाल साव, जलधर साव, नुरपो साव, दयानिधि साव, महादेव साव, कमल साव, नवीन साव, संगीता स्वर्णकार, भारती साव, हिरामोती साव, वासुदेव, सुकला सोनी, भागीरथी साव, नेहरू साव तथा श्रीराम कथा आयोजन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या श्रद्धालु एवं श्रोतागण उपस्थित थे।

# तारादेवी मालू का निधन



**रायपुर।** श्रीमती तारादेवी मालू धर्म सहायिका उत्तम चंद जी मालू उम्र 83 वर्ष का दिनांक 21 अप्रैल रविवार को सुबह 8.20 बजे आकस्मिक निधन हो गया है।अंतिम यात्रा दिनांक 21 अप्रैल रविवार को ही देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में किया गया । आप अजय विजय संजय की मातु श्री व मोहन लालजी प्रकाश चंद जी दिलीप चंद की भाभी थी । एवं महेंद्र नरेंद्र एवं गुमान बैद की बहन थी ।

# नरेंदर कौर तेतरी का निधन



**रायपुर।** आमानाका, कुकुरबेड़ा निवासी नरेंदर कौर तेतरी आयु 75 वर्ष (पत्नी स्व सरदार त्रिलोक सिंह तेतरी ) का निधन 22 अप्रैल सुबह 4 बजे निधन हुआ एवं इनका अंतिम संस्कार 22 अप्रेल की शाम चार बजे कोटा मुक्तिधाम रायपुर में किया गया । ये वरिष्ठ पत्रकार शरणजीत सिंह तेतरी, सुखदेव सिंह तेतरी, इंदरजीत सिंह तेतरी एवं हरभाजन कौर की माताजी थी ।

# सीएम ने बैक टू बैक 4 सभाएं की : साय ने कहा- संतोष ईमानदार, भूपेश के घोटालों की लिस्ट काफी लंबी

## राजनांदगांव में भाजपा काबिग इलेक्शन शो, शहर की चारों दिशाओं में हुई सभा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



हाईप्रोफाईल लोकसभा सीट में भाजपा ने पूरा जोर लगा दिया है। सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय की जीत सुनिश्चित करने दिग्गज लगातार सभाएं कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव शहर में लगातार 4 सभाएं की। शाम 5 बजे से उनकी सभा का दौर शुरु हुआ।

कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके कार्यकाल को निशाने पर लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि-राजनांदगांव से विद्वेष निभाते हुए उन्होंने यहां विकास नहीं होने दिए। उन्होंने बदले की राजनीति की। राजनांदगांव के सरकारी दफ्तरों को वे यहां से ले गए। कोयला, शराब, गोबर, डीएमएफजैसे कई कई घोटाले उनकी सरकार में हुए। महादेव एप के लिए उन्होंने 508 करोड़ रुपए लिए... महादेव का पावन नाम सट्टे से जोड़ दिया।

मुख्यमंत्री ने यहां नंदई, लखोली, चिखली और मोतीपुर में सभाओं को संबोधित किया। भाजपाई का काफिला मुख्यमंत्री के कारवा के आगे चलता रहा और नारों के साथ युवाओं ने भाजपा के लिए शक्ति प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री साय ने सभा के दौरान कहा कि-भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने संसदीय क्षेत्र के लिए काफी काम किया है। वे एक साफ छवि के ईमानदार प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया है। देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसे और गति देने के लिए मोदी सरकार को एक बार फिर चुनने की जरुरत है। इसके लिए संतोष पांडेय को विजयी बनाना है।

उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार ने 100 दिनों के भीतर ही छत्तीसगढ़ में बड़े वायदे पूरे किए। किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल का मूल्य मिला, 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से खरीदी हुई, महतारी वंदन योजना का प्रति माह एक हजार रुपए महिलाओं को मिलने लगा। उन्होंने कहा कि, हमने दो साल का बोनस भी किसानों को दिया। छग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। नक्सलियों को हमने पीछे खदेड़ दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वायदा किया है कि इस बार मोदी सरकार आने पर तीन साल में प्रदेश से नक्सल समस्या पूर्णतः खत्म हो जाएगी। ये प्रयास छत्तीसगढ़ को और आगे ले जाएंगे और प्रदेश की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

उन्होंने सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए वोट की अपील की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता उनके साथ मौजूद रहे। साय ने कार्यकताओं का भी हौसला बढ़ाया और जीत सुनिश्चित बताई। उन्होंने कहा कि-हम छत्तीसगढ़ की 11 की 11 सीटें जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार ने सांय-सांय सारे वायदे निभाए और इसका क्रम जारी है। सांय-सांय सारे काम हो रहे हैं।

# जो आपकी सुविधा काट रहे, उनके वोटों में कटौती करनी है : भूपेश बघेल



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर जनता की सुविधाओं में कटौती का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपके राशन में कटौती कर दी है, आपकी बिजली में कटौती कर दी है, हमारी योजनाओं को बंद करके आपको होने वाली आय में कटौती कर दी है, इसलिए अब आपके पास मौका है, आपको इनके वोटों में कटौती करनी है और सबक सिखाना है। रविवार को छत्तीसगढ़ में स्टार प्रचारक और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की बालोद और मोहड़ की आम सभाओं में में शामिल हुए, उसके बाद खैरागढ़ विधानसभा में जनसम्पर्क और भेंट-मुलाकात की। भूपेश बघेल ने डोंगरगांव के मोहड़ मैदान में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का स्वागत करते हुए कहा कि इसी मैदान में उनकी मां और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का आगमन हुआ था। मैदान में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए भूपेश ने कहा कि यह चुनाव जनता के लिए इतिहास बनाने का समय है। भूपेश बघेल ने कहा कि एक तरफ भाजपाई जुमलेबाज हैं, जो लगातार झूठे वादे करके जनता को छल रहे हैं, एक तरफ कांग्रेस है जो कहती है-वो करती है। भूपेश ने केंद्र और राज्य भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आपको इस चुनाव में जुमलेबाजों को अपनी वोट की ताकत का एहसास कराना है। मोहड़ में रैली के समापन के बाद भूपेश बघेल खैरागढ़ पहुंचे, जहां शहर में आयोजित बाइक रैली में युवाओं के साथ शामिल हुए। इस दौरान भूपेश बघेल स्वयं बाइक चलाते हुए रैली का नेतृत्व किया। खैरागढ़ में जनसंपर्क के दौरान भूपेश बघेल ने पेंड्रीकला, छुईखदान, डोकराभाठा, राहुद, करमतरा, रंगकठेरा, शेरगढ़, भोथी, सोनपुरी और उदयपुर का दौरा किया।इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, विधायक यशोदा वर्मा, संजय महोबिया, पार्तिका महोबिया, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, अकाशदीप सिंह, पदमा सिंह, मयूरी सिंह, शैलेंद्र वर्मा, समीर कुरैशी, सुमित टांडिया, आरती महोबिया, विप्लव साहू, पालश सिंह, रतन जैन, नित्यशरण सिंह, अमित सिंह, नदीम मेमन, किरण झा और नीलांबर वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आचार संहिता के उल्लंघन में तत्काल कार्यवाही हो : कांग्रेस

## कार्यवाही ना होने से भाजपा कर रही निर्वाचन को दूषित



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने जिला निर्वाचन अधिकारी से आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर कार्रवाई न किए जाने को लेकर मुलाकात की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, संसदीय क्षेत्र में भाजपा लगातार आचार संहिता का उल्लंघन पोस्टर, सोशल मीडिया, वीडियो, सभा के भाषणों कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भूपेश बघेल के खिलाफ अनर्गल प्रचार करते हुए धार्मिक चित्रों, हेट स्पीच सहित वर्ग विशेष में शत्रुता पैदा करने के लिए बयान बाजी कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल से मिलने आज भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन, विनोद वर्मा, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, रुचिर गर्ग, विद्या भूषण शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे , महापौर हेमा देशमुख, लोकसभा वार रूम प्रभारी जितेन्द्र मुदलियार ने रिटर्निंग अफसर को दस्तावेजी शिकायत पेन ड्राइव सहित सौंप कर कार्यवाही की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिस प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन भाजपा राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कर रही है वह स्वस्थ निर्वाचन के लिए घातक है। ऐसे मामलों में तत्काल कार्यवाही न होने से वर्गों के बीच में वैमनस्यता एवं कांग्रेस प्रत्याशी की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि, सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि आचार संहिता में स्पष्ट उल्लेख है कि धर्म, देवी देवताओं तक के नाम पर वोट नहीं मांगा जाना चाहिए। लेकिन भाजपा लगातार देवी देवताओं के बड़े-बड़े होर्डिंग पोस्टर लगाकर धर्म संस्कृति के नाम पर वोट मांगते राजनीति कर रहे हैं। यहां तक कांग्रेस पार्टी को आतंकवाद, नक्सलवाद, तमंचे पकड़ने वाली पार्टी निरूपित करने का काम भी भाजपा के शीर्ष नेता कर रहे हैं। यह कुमरदा की सभा में भाजपा नेताओं के भाषण से प्रमाणित है। उन्होंने कहा कि पूर्व में किए गए शिकायतो पर कोई कार्यवाही ना किए जाने से पक्षपात भी परिलक्षित हो रहा है। क्योंकि हेट स्पीच,आचार संहिता के उल्लंघन में आयोग भी स्वयं भी संज्ञान ले। साथ ही शिकायतो पर की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ता को भी अविलंब अवगत कराने की मांग भी की गई है।

# हनुमान जयंती पर भगवामय होगा डोंगरगांव नगर

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में हनुमान जयंती 23 अप्रैल को परंपरानुसार मनाई जायेगी। सुबह से दोपहर एवं शाम से देर रात्रि तक हनुमान जन्मोत्सव संबंधी विविध आयोजन होंगे। हनुमान जयंती का मुख्य आयोजन किलापारा स्वप्राकट्य दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में ही संपादित होगा। वहीं नगर व अंचल में स्थापित मंदिरों में भी हनुमान जयंती आस्थापूर्वक मनाई जायेगी।

नगर में हनुमान जयंती महोत्सव समिति के प्रमुखों ने पॉयनियर को बताया कि हनुमान जयंती महोत्सव अंतर्गत धर्म जागरण हेतु एक दिन पूर्व संध्याकाल युवाओं की बाईक रैली निकलेगी। वहीं प्रभातफे री में श्रीरामदरबार का मनमोहक दृश्य आकर्षण का केंद्र होगा। इस दरम्यान बाल हनुमान टोली, रामलला की झांकी मंडलियाँ भी सम्मिलित होंगी।

# संतोष पांडे आज डोंगरगांव-नांदगांव विस क्षेत्र में



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे कल 23 अप्रैल मंगलवार को कवर्धा विधानसभा एवं डोंगरगाँव विधानसभा, क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए सभाओं को संबोधित करेंगे।भाजपा प्रत्याशी पांडे सुबह 10:00 बजे कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सहसपुर से अपना जनसम्पर्क अभियान प्रारंभ करेंगे। इसके पश्चात वे डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में मुलाकात करते हुए चुनावी सभा के माध्यम से कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। फिर वे राजनांदगांव शहर में हनुमान जयंती रैली में शामिल होंगे।

# देर शाम छाए बादल, अंधड़-हल्की बारिश का अनुमान

■ तपिश से मिली राहत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पारा 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। इस बीच सोमवार की देर शामबादल छाए रहे। मौसम विभाग ने राजनांदगांव जिले में गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, हल्की वर्षा होने एवं ओला वृष्टि की संभावना जताई है। बीते सप्ताह से गर्मी का कहर बरकरार है। गर्म हवाओं के कारण लोगों की दिनचर्या पर असर पड़ा। हीटवेव से बचने के लिए कई तरह के लोगों को उपाय करते देखा गया। भीषण गर्मी के बीच लोग कामकाज करने के लिए मजबूर थे। आज सुबह से गर्म हवाओं की दिशा बदल गई। नमी भरे हवाओं से तापमान में गिरावट आई। आज पूरे दिन बदली के असर से धूप नदारद रही। पिछले दो दिनों से तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। धूप की चूभन से हर कोई हलाकान था। तेज धूप के चलते दोपहर को सडकें सूनी होने लगी थी। गर्म हवाओं से लू के हालात बन गए थे। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में गर्मी ने अपने तेवर से लोगों के पसीने छुड़ा दिए। गर्म हवाओं के साथ-साथ उमस से भी लोग बेहाल हो गए थे। ऐसे में आज मौसम के रूख बदलने से गर्मी गायब रही। बीते दिनों तेज धूप और सूर्य की तपिश से लोग जहां हलाकान हो रहे हैं। वहीं लोगों को घरों के भीतर भी उमस और गर्मी से हलाकान होना पड़ रहा था।

## इधर, मेढ़ासोसायटी प्रबंधक की आत्महत्या के मामले में पुलिस उनकी तलाश में जुटी

# कॉपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमेन नवाज पर एक करोड़ 75 लाख के घोटाले का आरोप

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com






जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेसी नेता नवाज खान पर अध्यक्ष रहते हुए लाखों रुपए के घोटाले के आरोप भाजपा ने लगाए हैं। बैंक की शाखाओं में फर्जी तरीके से नौकरी लगाने के अरोपों पर भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाने वाले नवाज पर भाजपा हमलावर हो गई है। दूसरी ओर डोंगरगढ़ पुलिस मेढ़ा सोसायटी प्रबंधक की आत्महत्या के मामले में उनकी तलाश कर रही है।

प्रेसवार्ता में पत्रकारों को चर्चा करते हुए जिला सहकारी बैंक के वर्तमान अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा जुलाई 2021 में राज्य शान द्वारा पूर्व प्रशासक को नियुक्त किया गया था। उसी दिन से बैंक में आर्थिक अनियमितताका दौर शुरू हुआ। प्रशासक नियुक्त होने पर नवाज खान ने शपथ ग्रहण के नाम पर तीन लाख रुपए खर्च कर दिए गए। इसके अलावा लगभग बैंक की अलग-अलग शाखाओं में 55 दैनिक वेतन कर्मचारियों की नियुक्ति फर्जी तरीके से की गई, उन्हें तकरीबन एक करोड़ रुपए का वेतन भुगतान भी हुआ। यही नहीं उन्होंने अपने साले को भी नौकरी दिला दी।

उन्होंने बताया कि, भारी अनियमितता करते हुए उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए लगभग 10 लाख रुपए खर्च करके एक निजी होटल में सम्मेलन कराया गया। इसके लिए बैंक से भुगतान कराया गया। दिल्ली में कार्यक्रम हुआ वहां सिर्फ बैंक प्रशासक को जाना था, लेकिन वे अपने साथ बारह लोगों को ले गए। ग्राम भरेगांव में किसान सम्मेलन कराया गया था। वहां 13 लाख रुपए खर्च करके बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। इसके अलावा होटलों से लेकर मांसाहारी भोजन और पिज़्ज़ा में भी लाखों रुपए खर्च कर दिए गए हैं। नवीन शाखाओं को खोलने के नाम पर 28 लाख रुपए तथा विभिन्न प्रकार के होटल के बिल 4 लाख 65 हजार रुपए अनावश्यक रूप से खर्च किए गए। बघेल ने जानकारी देते हुए कहा कि, तकरीबन 75 लाख की सीधी आर्थिक अनियमितता पूर्व प्रशासक के कार्यकाल में की गई है। जबकि अवैधानिक तरीके से 50 से अधिक दैवेभो को शाखाओं में काम पर रखा गया.. इन्हें बर्खास्त किया जा चुका है। इन कर्मियों को तकरीबन एक करोड़ का वेतन भुगतान किया गया है जो कि वसूली योग्य राशि है। इस तरह लगभग एक करोड़ 75 लाख की आर्थिक अनियमितता को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि, अवैध नियुक्तियों के मामले को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया था। इसके बाद आर्थिक अनियमितताओं के अन्य मामले भी सामने आए। इनकी जांच के लिए शासन ने एक कमेटी गठित की है जो जीआर मुकेश ध्रुव के नेतृत्व में जांच कर रही है और जल्द ही इसकी रिपोर्ट आ जाएगी। गौरतलब है कि, कांग्रेसी नेता नवाज खान राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफी करीबी माने जाते हैं। कांग्रेस सरकार के दौरान वे कई मामलों को लेकर विवादों में भी रहे हैं। लोकसभा में प्रचार के दौरान भाजपा नवाज के मामलों को लेकर भी भूपेश बघेल के खिलाफ हमलावर है। दूसरी ओर एक सोसयटी प्रबंधक की आत्महत्या के मामले में कथन के लिए भी डोंगरगढ़ पुलिस ने नवाज को तलब किया है। नोटिस दिए जाने के बावजूद वे थाने नहीं पहुंचे। सोमवार को पुलिस ने उनके घर और फॉर्महाऊस में दबिश दी लेकिन वे नहीं मिल मिले। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी सीआर चंद्रा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि- पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# शिक्षा रोजगार और महिलाओ को हक दिलाने के साथ संविधान बचाने की लडाई : मोहन मरकाम

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कांग्रेस उम्मीदवार ताम्रध्वज साहू को विजय बनाने के लिए अब प्रदेश कांग्रेस ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है बकायदा इसकी कमान अब प्रदेश स्तरीय नेताओं ने संभाल लिया है इसी तर्ज पर आज पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं मंत्री मोहन मरकाम चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने देवभोग बरकानी उरमाल अमलीपदर सहित दाबरीगुड़ा में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर जोश भरा कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों को मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों से देश की वस्तु स्थिति को भी अवगत कराया गया बरकानी में आयोजित सम्मेलन में हजारों महिला पुरुष को संबोधित करते हुए मोहन मरकाम ने कहा कि देश में युवाओं को रोजगार दिलाने महिलाओं को उनके हक और भागीदारी के साथ महंगाई पर लगाम लगाने किसने की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ संविधान बढ़ाने की लड़ाई है और इस लड़ाई में युवा महिला पुरुष सहित तमाम वर्ग को शामिल करना हर न्यायप्रिय का कर्तव्य है ताकि देश में युवाओं को रोजगार दिया जा सके किसानों को फसल का सही दाम मिले महिला सुरक्षित होने के साथ हक अधिकार दिया जा सके इसके अलावा मोहन मरकाम ने भाजपाइयों को आडे हाथ लेते हुए कहा कि जो संविधान बोलने नौकरी करने पढ़ने सहित तमाम तरह के अधिकार देता है वैसे संविधान को भाजपा नेता खुले मंच पर बदलने की बात कर रहे हैं ऐसे में संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस घर-घर किसान मजदूर माता बहन युवा से समर्थन मांगेंगे ताकि बेरोजगारी से तंग आकर और फसलों के सही दाम नही मिलने से मौत के आगोश मे जाने किसानो की जिंदगी को बचाया जा सके सम्मेलन के दौरान जिला उपाध्यक्ष कुंजल राम यादव सुखचंद बेसरा ब्लॉक दुर्गा चरण अवस्थी लोकेंद्र कोमर्रा अध्यक्ष भूपेंद्र माझी भविष्य प्रधान आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र यादव पवन यादव चमन यादव राजेश तिवारी सूरज शर्मा सोदार कश्यप अरुण सोनवानी महेश्वर बघेल उमेश डोंगरे सहित अन्य पदाधिकारी मौजुद रहें. मोदी सरकार में गरीब और गरीब और अमीर और अमीर हुआ रामकुमार यादव पिछ्ले 10 सालों में जो जो मोदी सरकार ने देश के लोगों से वादा किया रहा उसके विपरीत ही काम हुआ है चाहे महंगाई बढ़ने की बात हो या फिर रोजगार देने की बात हो आज देश की हालत काफी खराब दौर से गुजर रहा है अमीर और अमीर और गरीब और गरीब होता जा रहा है जो पेट्रोल डीजल 55 साल में 60 रुपए के भीतर रहा आज सिर्फ10 साल में 100 पार हो गया जो गैस सिलेंडर 400 रुपए का था आज वह सिलेंडर 1000 पार हुआ है इसी खेती खार में इस्तेमाल खाद बीज के दाम भी आसमान छू रहा है इसके अलावा रामकुमार यादव ने मोदी के हाथ देश सुरक्षित नही होने की बात कही आज चीन भारत को आंख दिखाते भीतर आ रहा है फिर मोदी खामोश होकर धर्म की राजनीति में लगे हुए हैं जिससे देश के 140 करोड लोग अवगत हो चुके है इसलिए मोदी सरकार को हटाने के लिए कमर कस लिया है और इसमें महासमुंद लोकसभा के लोग भी पूरी तरह शामिल हैं मतलब कांग्रेस उम्मीदवार ताम्रध्वज साहू को जीतने का मन बना लिया है.

**चाणक्य की भूमिका में विधायक जनक ध्रुव :** पिछ्ले 10 सालो से बिंद्रानवागढ़ की खाक छान कर कांग्रेस का परचम लहराने वाले विधायक जनक ध्रुव अब चाणक्य की भूमिका में नजर आ रहे हैं साहू समाज कि कांग्रेस के ओर झुकाव देख अब बहुसंख्यक यादव समाज को साधने के लिए घेराबंदी किया जा रहा है शायद यही वजह है कि आज के कार्यक्रम में यादवों की मौजूदगी काफी संख्या में देखने को मिला।

# कोटा में हनुमंत सेवा समिति द्वारा ध्वज और दीये का घर घर वितरण किया जा रहा

## हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से दीपउत्सव की तरह मनाएं



पायनियर संवाददाता < कोटा
www.dailypioneer.com

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु श्रीराम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथी दिनांक 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को बड़े ही धूमधाम से मनानें हनुमान भक्त जोरों से इस पुनीत कार्य में लगे हुए है हनुमंत सेवा समिति के सदस्य नगर में ध्वज और दीये का वितरण घर घर जाकर कर रहे है। हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमंत सेवा समिति द्वारा पिछ्ले कई वर्षो से इस पुनीत कार्य में लगी हुई है नगरवासी इनके कार्यो की सराहना भी करते है हनुमान जन्मोत्सव दीपउत्सव की तरह मनाने तैयारयां चल रही है हर घर व प्रतिष्ठानों में ध्वज और पांच दीये का वितरण किया जा रहा है। हनुमंत सेवा समिति के सदस्य संजय तुलस्यान और सूरज गुप्ता नें बताया कि हम लोग हनुमान जन्मोत्सव- दीपउत्सव की तरह मनाने पूरे नगर में पाच दीये और ध्वज का वितरण घर घर जाकर तर रहे है द्य सभी हनुमान भक्त ध्वज अपने घर व प्रतिष्ठान में लगाएं और 23 अप्रैल मंगलवार को शाम सात बजे पांच दीप अवश्य जलाएं और इस पर्व को दीपउत्सव की तरह मनाएं और सुबह से ही हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना कर चोला चढाकर हनुमान चलीसा का पाठ एवं गुड चने एवं फलों का भोग लगाकर कर विशेष कृपा प्राप्त करें। इस पुनीत कार्य में हनुमंत सेवा समित के सदस्य डा.छेदीलाल गुप्ता, विनोद गुप्ता, रामनारायण तिवारी, संजय तुलस्यान, सूरज गुप्ता, प्रकाश दूबे, हेमंत शर्मा, श्याम गुप्ता, चेतेश सोलंकी, विवेक गुप्ता चिंटू , ऋषि ठाकुर, किशोर गुप्ता, संतोष श्रीवास शिवतराई, कन्हैया यादव, मनीष मुखर्जी, रामचंद्र गुप्ता, संजय सोनी, मोनल गुप्ता, गौरव आदित्य, एवं सभी सदस्य सेवा में लगे हुए है।

# देश के तमाम संपन्न रामभक्त गरीब और कमजोर तबके के श्रद्धालुओं को कराएं भगवान रामलला के दर्शन : प्रवीण झा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिले से 1008 भक्तों को अयोध्या ले जाकर रामलला का दर्शन कराने वाले फिल ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण झा की श्रद्धालुओं के बीच ही नही बल्कि समाज में भी जोरदार सराहना हो रही है। समाजसेवी द्वारा की गई व्यवस्था में एक दिन पहले बस और कारों से निकले श्रद्धालु बुधवार रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रयागराज पहुंचकर संगम स्नान किया उसके बाद अयोध्या जिले में भव्य रूप से स्थापित श्री रामलला के सभी ने दर्शन किए। हनुमान गढ़ी जाकर भगवान हनुमान के भी सभी ने दर्शन प्राप्त किए। 17 अप्रैल 2024 रात्रि भोजन के बाद अयोध्या से बिलासपुर के लिए सभी ने प्रस्थान किया। 18 अप्रैल 2024 रात्रि 10:30 बजे बिलासपुर के पुलिस ग्राउंड में सभी 1008 भक्तों की टोली भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद सकुशल पहुंच गई। बिलासपुर प्रेस क्लब में सोमवार को पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि तीन दिनों की इस यात्रा में भक्तों को किसी प्रकार की कोई भी असुविधा नहीं हुई।भक्तों ने कहा कि जगह जगह पर नाश्ता,भोजन के अलावा रुकने ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई थी। बड़े पैमाने पर अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं को खासकर रामनवमी के दिन बहुत आसानी से भगवान के दर्शन हो गए ये सबसे बड़ी बात है। यह सब फिल ग्रुप के मैनेजमेंट और भगवान की कृपा एवं आशीर्वाद का ही प्रतिफल है। पत्रकारों को उन्होंने बताया कि श्री झा और उनकी टीम हर एक श्रद्धालु की चिंता करते रहे। खाने पीने से लेकर आराम और व्यवस्था पर उन्होंने कोई कमी नही की। राम मंदिर निर्माण के प्रथम रामनवमी के अवसर पर किसी निजी संस्था या व्यक्ति के द्वारा 1008 भक्तों को पूरी सुविधा और देखरेख के साथ दर्शन कराना देश में पहला माना जा रहा है जिसके लिए सभी श्रद्धालुओं ने प्रवीण झा को श्रवण कुमार कहा और उनकी पूरी सेवा टीम को इसका श्रेय दिया है। इस दौरान प्रेस क्लब में मौजूद फिल ग्रुप के चेयरमैन समाजसेवी प्रवीण झा ने देश के कोने-कोने मे रहने वाले सभी संपन्न राम भक्तों से इसी तरह की सुविधा देकर कमजोर और गरीब तबके के श्रद्धालुओं को यात्रा कराकर भगवान श्री राम का दर्शन कराने की अपील की है ताकि ऐसे लोगों को भी इसका लाभ मिले जो कभी सुविधायुक्त दर्शन की कल्पना तो छोड़िए वहां तक पहुंचने की उम्मीद भी नहीं करते।

# जिले के 402 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के लिए सीसी कैमरे लागने की तैयारी पूरी

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने वेब कास्टिंग की तैयारियों की जानकारी ली

- **मतदान से दो दिन पहले से शत-प्रतिशत 402 मतदान केंद्रों में कैमरा चालू रहेगा, 23 अप्रैल को दस प्रतिशत 41 केंद्रों में ट्रायल**

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा पंडरिया और कवर्धा के मतदान केन्द्रों मे भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में कुल मतदान केन्द्रों के 50 प्रतिशत 402 मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग की तैयारी पूरी कर ली गई है। विधानसभा 71 पंडरिया में 197 एवं 72 कवर्धा में 205 मतदान केन्द्र वेब कांस्टिग किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के 82 और ग्रामीण क्षेत्र के 320 मतदान केन्द्र में वेब कांस्टिग होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। वेब कांस्टिग वाले मतदान केन्द्रों में नेटवर्क सहित सभी तकनीकी पहलुओं की जांच कर ली गई है। मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर जिला पंचायत में वेब कांस्टिग की मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। मतदान दिवस से पहले 23 अप्रैल को 10 प्रतिशत 41 मतदान केन्द्र में परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद 24 और 25 अप्रैल को सभी मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग प्रारंभ रहेगा। विधानसभा निर्वाचन के दौरान भी मतदान केन्द्रों में सफलता पूर्वक वेब कांस्टिग किया गया था। वेब कांस्टिग के निगरानी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग से भी वेब कांस्टिग के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।

# जिले में बेरोजगारी प्रदूषण और सड़क बड़ा मुद्दा

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा लोकसभा चुनाव को लेकर जनता का मूड जानने के लिए पुराना बस स्टैंड में चुनावी चौपाल लगाई गयी। इस दौरान वोटरों ने खुलकर हर मुद्दे पर अपनी बात रखी। इस चुनाव में रोजगार, विकास और प्रदूषण बड़ा मुद्दा है। कोरबा के वोटर्स इन्हीं मुद्दों पर मतदान करने की बात कह रहे हैं। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत 7 मई को मतदान होना है. ऐसे में लोगों से उन मुद्दों को जानने का प्रयास किया गया, जो इस बार के चुनाव में हावी है। कई स्थानीय मुद्दों को लेकर अलग-अलग वर्गों से बातचीत कर उनकी राय जानी गयी। इस दौरान लोगों ने कहा की कोरबा में प्रदूषण की समस्या विकराल है। पिछले कई सालों से यह समस्या बनी हुई है। जिसका समाधान नहीं हो सका है। जीतकर आने वाले सांसद को इस दिशा में ठोस प्रयास करना चाहिए। लोगों का यह भी मानना है कि कोरबा जिले के साथ आसपास के क्षेत्र में अच्छी सड़कों का अब भी अभाव है। अच्छी सड़कों की दिशा में भी काम होना चाहिए। प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत को कांग्रेस ने दूसरी बार मैदान में उतारा है। वह कोरबा की सीटिंग एमपी हैं। महंत के मुकाबले में भाजपा ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे को कोरबा से टिकट दिया है, जो मूल रूप से दुर्ग की रहने वाली हैं। इसलिए कोरबा में इस बार बाहरी वर्सेस लोकल का मुद्दा लोगों के बीच हावी दिख रहा है। किसी का मानना है कि सरोज राष्ट्रीय स्तर की नेत्री हैं, जीतीं तो कोरबा का कायाकल्प हो जाएगा। तो दूसरी तरफऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो मानते हैं कि ज्योत्सना महंत ने बढ़िया काम किया है।

# संसार को अलविदा कह गए प्रसिद्ध रेडियो उद्घोषक मनोहर महाजन

## रेडियो श्रोताओं में दु:ख का पसरा वातावरण

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



विगत दिनों लंबी बीमारी से लड़ाई करते हुए प्रसिद्ध उद्घोषक मनोहर महाजन जी का मुम्बई में देहावसान हो गया। मनोहर महाजन रेडियो सिलोन से लेकर विविध भारती एवं अन्य रेडियो स्टेशनों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सेवा निवृत्ति पश्चात भी वे विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से अपने चाहने वालों से जुड़े हुए थे। वे छत्तीसगढ़ के रेडियो श्रोताओं से विशेष स्नेह रखते थे विगत दिनों वे छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ रायपुर के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन 2010 में तथा 13 फरवरी 2020 विश्व रेडियो दिवस पर श्रोताओं से मिलने रायपुर पधारे थे।

उनके निधन से छत्तीसगढ़ के रेडियो श्रोताओं में दुःख व्याप्त है। उनके आकस्मिक निधन पर छत्तीसगढ़ के श्रोताओं ने उन्हें मधुर, भावपूर्ण आवाज के स्वामी को आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे अपूरणीय क्षति माना है। सर्वश्री अशोक बजाज, परसरामसाहू गुरुजी, श्याम वर्मा, मुकेश शर्मा, विनोद वंडलकर, मनोहर डेंगवानी, सुरेश सरवैया, कमल लखानी, अशोक श्याम कुंवर, रविलाल सूर्यवंशी, प्रताप पांडेय, तारक सतदेव, श्याम शर्मा, हरमिंदर सिंह चावला एवं बचकामल आदि श्रद्धांजलि देने वालों में सम्मिलित हैं।

# राजपुर अधिवक्ता संघ ने नव पदस्थ न्यायाधीश का किया स्वागत

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



अधिवक्ता संघ राजपुर ने व्यवहार न्यायालय राजपुर में आयोजित कार्यक्रम में नवपदस्थ व्यवहार न्यायाधीश आलोक पांडेय का स्वागत किया । स्वागत कार्यक्रम के दौरान उद्बोधन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जय गोपाल अग्रवाल ने कहा कि उच्च न्यायालय के द्वारा पांचवें न्यायाधीश के रूप में आलोक पांडे जी को नियुक्ति किया गया है वास्तव में अधिवक्ता न्यायालय के धुरी के समान है जिनके बगैर न्याय दान की कल्पना नहीं की जा सकती। आने वाले समय में क्षेत्र के लोगों के लिए न्याय दान की प्रक्रिया में और तेजी आएगी जिसमें सबको मिलकर समान रूप से काम करने की जरूरत है। आयोजित स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश आलोक पांडे ने कहा कि सबके सहयोग से मामलों के निपटारे में तेजी से काम करने के साथ-साथ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर काम करने में तमाम विषमताओं के साथ काम करना पड़ता है इन सबसे ऊपर उठकर संघ के अधिवक्ताओं के सहयोग से बेहतर कार्य करने की पूरी कोशिश होगी। उपस्थित अधिवक्ताओं मे उमेश झा एवं अशोक बेक ने भी न्याय संबंधी मामले को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव सुनील सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान अधिवक्ता विपिन जायसवाल, रामनारायण जायसवाल, संजय पांडेय, शंकर अग्रवाल, सुनील चौबे,वीरेंद्र जायसवाल व अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# शराब दुकानों पर चखना दुकान टेंडर का महिलाओं ने किया विरोध

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन,चखना दुकान से आवागमन में परेशानी



पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के राजधानी जिला रायपुर के तिल्दा-नेवरा नगर में चखना दुकान के खिलाफमें महिलाओं ने एस डी एम को ज्ञापन सौंपा है । बता देवे कि छत्तीसगढ़ शासन के आबकारी विभाग ने शराब दुकानों में चखना दुकान संचालन की टेंडर प्रक्रिया जारी किया है। जिससे आक्रोशित महिलाओं ने बहुतायत में तिल्दा-नेवरा तहसील कार्यालय पहूंचकर एस डी एम के नाम पर ज्ञापन सौंपा है। खिलाफत में उतरे महिलाओं का कहना है कि नेवरा ,सिनोधा मार्ग में संचालित शासकीय कंपोजिट शराब दुकान संचालन के चलते राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं अब आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकानों में चखना दुकान संचालन हेतु टेंडर प्रक्रिया जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चखना दुकान सड़क किनारे संचालित होने से खासकर महिला वर्ग व छात्राओं को आवागमन में भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है, चुंकि इसके पूर्व भी संचालित चखना दुकान के चलते अनेक दुर्घटनाएं घट चुकी है। संबंधित क्षेत्र में चखना दुकान संचालन से परेशानियों का पुनरावृत्ति ना हो इस हेतु आपत्ति जताई जा रही है ।

## मामला-चल रहे करोड़ों रूपये के सड़क निर्माण में नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

# प्रधानमंत्री मोदी का संदेश : न खाऊंगा, न खाने दूंगा, लोनिवि के अधिकारियों पर इसका असर नहीं

- **निर्माण पूर्ण होने के पहले ही सड़कों में दरार, हो रहा**

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



विश्व के क्षितिज पर भाजपा को नंबर वन पर लाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न मैं खाऊंगा, न मैं खाने दूंगा.. जिससे सारे देश में भ्रष्टाचारियों के पैरों की जमीन खिसक गई और वे इसका पालन करते हुए नजर आ रहे हैं। जिला धमतरी में आज देश के प्रधानमंत्री का प्रथम बार आगमन हो रहा है और उनसे काफी आशाएं भी जिलेवासियों को है किंतु जिले में एक विभाग ऐसा है जहां न खाऊंगा, न खाने दूंगा.. की चेतावनी असर नहीं कर रही है और वे भ्रष्टाचार की गंगा में डुबकी लगाकर दोनों हाथों से दौलत लूटने की कार्यवाही कर रहे हैं। मामला श्यामतराई से संबलपुर तक के सड़क नवनिर्माण से दिया जा सकता है जहां ठेकेदार और अधिकारी मिलकर वर्षों बाद बन रही इस सड़क में नियम विरूद्ध कार्य कर खा रहे हैं, और खिला रहे हैं.. जिससे उक्त सड़क की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हद तो यह है कि जागरूक नागरिकों की शिकायत मीडिया में सुर्खियां बनी हुई है। इसके बाद भी संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार पर अब तक राजधानी में बैठे लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों पर जूं तक नहीं रेंगी। पिछले वर्ष अत्यधिक वर्षा होने के कारण जर्जर सड़कें व्यापक रूप से गड्ढों में तब्दील हो गई जो बारिश के पानी से दुर्घटनाओं के जननी के रूप में अनेक लोगों को अपने चपेट में लिया है। इसमें चलने वाली वाहनों ने अनेक ऐसे राहगीरों को न सिर्फ क्षति पहुंचाई है अपितु सड़कों में भरे बारिश के पानी से राहगीरों के कपड़े भी खराब होते रहे। इसी सड़क से सैकड़ों गाड़ियां प्रतिदिन विशाखापट्नम से लेकर कलकत्ता तक का सफर तय करती रही। दुर्घटनाओं को लेकर शहर के जागरूक नागरिकों ने आवाज उठाई और सड़कों का निर्माण होने की आवाज बुलंद की। पूर्ववर्ती सरकार के समय इन मांगों को पूरा न करते हुए पेचवर्क और सुधार कार्य के नाम पर करोड़ों रूपये की राशि आबंटित की गई। लेकिन सड़क का सुधार कार्य जीर्णोद्धार के नाम पर उक्त राशि का ठेकेदार, अधिकारी ने बंदरबांट कर लिया। यही स्थिति कमोवेश समूचे जिले में है जहां लोक निर्माण विभाग के बेलगाम अधिकारी दिमकीय प्रवृत्ति से शासकीय योजनाओं को चरते नजर आ रहे हैं। पेचवर्क, सुधार कार्य के बाद जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ तो प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के मंत्रियों की ताजपोशी की गई। इनमें लोक निर्माण विभाग मंत्री का पद उपमुख्यमंत्री अरूण साव को आबंटित किया गया जिन्होंने पदभार संभालते ही दो-टूक शब्दों में कहा था कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिये। लेकिन इन बातों को स्थानीय लोक निर्माण विभाग अधिकारी एवं ठेकेदार पालन नहीं कर सड़क के निर्माण में भारी लापरवाही बरत रहे हैं। जागरूक नागरिकों ने बताया कि लगभग 10 वर्षों बाद सड़क निर्माण की मांग को प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने गंभीरता से लेते हुए श्यामतराई से संबलपुर तक सड़क के निर्माण हेतु 16 करोड़ 84 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की और इसके लिये पूर्व में डाले गये टेंडर को स्वीकृत किया गया। निविदा के समय कितने ठेकेदारों ने उक्त कार्य के लिये निविदा भरी, और कितने एबव पर निर्माणाधीन एजेंसी को कार्य दिया गया, यह भविष्य के गर्त में छुपा हुआ है। लेकिन एक बात तय है कि इस ठेकेदार को स्थानीय विभाग इतना तवज्जो देता है कि उससे ही अधिकांश कार्य लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत दिये जाते हैं, जो कि एक पहेली बना हुआ है। इस ठेकेदार के द्वारा पेचवर्क, निर्माण कार्य, में अधिकारियों से तालमेल कर भारी गोलमाल किये जाने की जानकारी भी प्राप्त हुई है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण नगरी, मगरलोड, बालोद क्षेत्र के कार्य से दिया जा सकता है। निविदा के समय इस ठेकेदार ने जो निविदा डाली, उसकी शर्तों का पालन करना नितांत आवश्यक है किंतु जब कार्य प्रारंभ किया गया तो उसके पूर्व स्थल पर कहीं भी सूचना बोर्ड लगाकर शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया गया और चुपचाप राते के अंधेरे में 16 करोड़ 84 लाख रूप्ये की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण कार्य बिना सफाई, बेसकोट बिना डाले शुरू कर दिया गया। जब इसकी शिकायत हुई और मामला मीडिया की सुर्खियों में आया तब प्रथम चरण के निर्माण कार्य के समाप्ति पश्चात अधूरा सूचना बोर्ड लगा दिया गया और सड़क निर्माण में की जा रही खामियों को दबाने के लिये अधिकारियों तक को बाध्य किया गया जिन्होंने जनसंपर्क विभाग से एक समाचार प्रेषित करवाकर दावा किया कि सड़कों का निर्माण नियमानुसार किया जा रहा है। इसके कुछ दिन बाद सोरिद और सिहावा चौक पर गड्ढे और दरार उत्पन्न हो गये। धमतरी शहर में आज देश के प्रधानमंत्री मोदी का आगमन हो रहा है। उनसे जिलेवासियों को काफी आशाएं हैं। जैसा कि उनके आने के पूर्व ही जिला अस्पताल में आईसीयू कक्ष का शुभारंभ होने जा रहा है जिससे जिलेवासियों को किसी निजी अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। लेकिन साथ ही साथ जिले में व्याप्त भ्रष्टाचारियों के हौसले को पस्त करने के लिये सड़क निर्माण में जिस तरह कोताही बरती जा रही है, उसकी जांच बहुत ही आवश्यक है, ऐसा जागरूक नागरिकों के द्वारा कहा जा रहा है। चूंकि पूर्व में भी इस ठेकेदार ने नगरी, सिहावा, मगरलोड, दुगली, सिंगपुर, बालोद इत्यादि क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़कों का निर्माण किया है जिसका आज स्थल पर अता-पता नहीं है। इनके कार्य की पिछले तीन साल से जांच की जाती है तो इस ठेकेदार के द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार होने की जानकारी मिलेगी। इस ठेकेदार के प्रति लोक निर्माण विभाग के अधिकारी क्यों इनके निर्माण कार्यों में त्रुटियां नहीं निकालते जिसके संबंध में पता चला है कि उक्त ठेकेदार अधिकारियों पर अपनी पहुंच का दावा करता है।

जब पूर्ववर्ती सरकार थी तब भी वह दावा करता नजर आता था और अब जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया है तब भी इसका दावा जारी है। अब देखना है कि देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी का न खाऊंगा, न खाने दूंगा के संदेश का पालन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी किसी तरह करते हैं? यह समय बतायेगी।








सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403